twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | शनिवार, 23 अगस्त, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 276, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दी 13 हजार करोड़ की सौगात

### बिहार के गया में पीएम ने मंच से 16 हजार लाभार्थियों को कराया गृह प्रवेश

**गया जी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रस्तावित गयाजी दौरे के दौरान शुक्रवार को "प्रधानमंत्री आवास योजना" ग्रामीण और शहरी के लगभग 16 हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया। इनमें से कुछ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से नए घर की चाबियां मंच से सौंपी। साथ ही 13 हजार करोड़ की रेल, सड़क, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आवास और जलापूर्ति से जुड़ी योजनाओं का किया शिलान्यास किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हरी झंडी दिखाकर गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली-कोडरमा बौद्ध सर्किट ट्रेन को रवाना किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 13 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनमें रेल, सड़क, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आवास और जलापूर्ति से जुड़ीं योजनाएं शामिल हैं। बिहार को मिले 13 हजार करोड़ की सौगात में बेगूसराय में सिक्स लेन ब्रिज का उद्घाटन, बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता का थर्मल पावर प्लांट, मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (एनएच-31) का बख्तियारपुर से मोकामा क्षेत्र 4 लेन पथ शामिल है।

इन सबके अलावा नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मुंगेर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सीवरेज नेटवर्क योजना, औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जल आपूर्ति परियोजना, गयाजी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16000 लाभार्थियों का गृह प्रवेश भी हैं।




### केंद्र की ओर से बिहार को मिला पूरा सहयोग: नीतीश

**गयाजी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की ओर से बिहार को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगात मिलने पर खुशी जताई। गयाजी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने गयाजी में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गयाजी में अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बिहार को पूरा सहयोग मिल रहा है इस साल के बजट में भी बिहार को स्पेशल पकेंज मिला है। बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी भी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में बहुत ज्यादा काम कर दिया है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली सभी क्षेत्रों में काम हो रहे हैं। हाल ही में कुछ नए काम भी करवाए गए हैं।

## संभल मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट का यथास्थिति बनाए रखने का आदेश



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश और मुकदमा विचारणीय है। मस्जिद समिति ने पिछले साल 19 नवंबर को सिविल जज की ओर से मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था, जो उसी दिन हुआ था। समिति ने दावा किया कि पिछले वर्ष 24 नवंबर को किया गया दूसरा सर्वेक्षण अवैध था, क्योंकि सिविल न्यायालय ने कभी इसका आदेश नहीं दिया था।

## हटाए गए वोटर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी।

**चुनाव आयोग को अभी तक मिलीं सिर्फ दो आपत्तियां**

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिए अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को दिया निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि आवेदन में फार्म 6 के साथ आवेदक आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज जमा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बिहार की सभी 12 राजनीतिक पार्टियों को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी करने चाहिए कि वे लोगों की मदद करें, उन्हें जागरूक करें, ताकि लोग मतदाता सूची से नाम कटने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन कर सकें। पीठ ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को अगली सुनवाई पर स्टेटस रिपोर्ट जमा करनी होगी, जिसमें उन्हें बताना होगा कि उन्होंने कितने लोगों की ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद की।

ीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है।

## 'नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ दें, आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए'




**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के संबंध में अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा। कोर्ट ने अब इस आदेश में कुछ संशोधन कर दिया है। इन बदलावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि आक्रामक व्यवहार वाले या रेबीज से ग्रस्त कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों से छोड़ा जा सकता है। हालांकि, आक्रामक व्यवहार वाले या रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को आश्रय स्थलों में ही रखा जाएगा। आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आक्रामक कुत्तों और रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा।

आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना नहीं खिलाया जा सकता। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन क्षेत्र बनाएगा।

सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने पर संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी।

निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें बताया जाएगा कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा।

नगर निकायों की ओर से विशेष रूप से नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने अदालत के एक पूर्व आदेश की समीक्षा करते हुए इस मुद्दे के दायरे का विस्तार किया और आदेश दिया कि सभी समान मामलों को अंतिम राष्ट्रीय नीति के लिए शीर्ष अदालत को स्थानांतरित कर दिया जाए। अदालत ने पहले सभी आवारा कुत्तों को इकट्ठा करने का आदेश दिया था।

## जेएनयू: प्रणाली को लेकर घमासान

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की डॉ. बी आर आंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में बाहरी छात्रों को प्रवेश देने से रोकने के लिए अत्याधुनिक प्रवेश प्रणाली लगाने को लेकर घमासान शुरू हो गया है। जेएनयू छात्र संघ के पदाधिकारी प्रवेश प्रणाली को लेकर आमने-सामने हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की डॉ. बीआर अंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में अत्याधुनिक प्रवेश प्रणाली लगाने को लेकर हंगामा हुआ है। मशीन लगाने के समय विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष नीतीश कुमार के पैर में चोट लग गई। मशीन लगाने से रोकने के दौरान गेट का शीश टूटकर पैर में लगा है। दिल्ली पुलिस कैंपस में पहुंची।

## सीएम रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा, गांधीनगर में हुई नारेबाजी



**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। इस हंगामे से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह हमला हुआ था। दिल्ली सीएम हाउस में यह घटना घटी। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री रेखा साप्ताहिक जनसुनवाई कर रहीं थीं।

## स्वतंत्र फिलिस्तीन के समर्थन में जमात-ए-इस्लामी हिंद के नेतृत्व में मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र के समर्थन, इजराइल के जरिए गाजा में की जा रही बमबारी को रोकने एवं युद्ध विराम

के लिए भारत सहित दुनिया के देशों से दबाव बनाने के लिए शुक्रवार को जमात-ए-इस्लामी हिंद के नेतृत्व में मुस्लिम संगठनों और सिविल सोसायटी के लोगों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर फिलिस्तीनियों के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई और वहां पर भूख-प्यास से मरने वाले लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई। इसके साथ ही दुनिया के देशों से निहत्थे मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भोजन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

इस मौके पर जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष इंजीनियर सआदतउल्लाह हुसैनी ने कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी मान लिया है कि गाजा में भुखमरी फैली हुई है। वहां पर खाने-पीने की वस्तुओं की बेहद कमी है। लोग कई-कई दिनों से भूखे-प्यासे हैं। राहत सामग्री वहां के लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। इजराइल एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र को दुनिया के नक्शे से खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहा है। यहां तक कि राहत शिविरों और खाना बांटने वाले केन्द्रों पर भी हमले किए जा रहे हैं और भूखे लोगों को बमों से मारा जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से और दुनिया के देशों से वहां पर तत्काल युद्ध विराम कराने के सहयोग की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों एवं सिविल सोसायटी ने कहा है कि निहत्थे मासूम लोगों तक खाना पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र के अस्तित्व को बचाने की जरूरत है। इस मौके पर जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने कहा कि भारत अपनी फिलिस्तीन की पुरानी नीति पर चल रहा है, लेकिन इजराइल को हथियार भी उपलब्ध करा रहा है। इन हथियारों से इजराइल फिलीस्तीनियों की हत्याएं कर रहा है। भारत को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के जरिए दोषी करार दिए गए इजराइल के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की मदद नहीं करनी चाहिए। प्रो. अपूवानंद ने कहा की फिलिस्तीन एक स्वतंत्र राष्ट्र है, हम सब उसका समर्थन करते हैं। वहां पर होने वाली हत्याओं से हमारा दिल विचलित हो रहा है, मासूम बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खाना-पानी के बगैर मर रहे हैं।

हमें उनतक अपनी मदद पहुंचानी चाहिए।

पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब ने कहा कि फिलीस्तीनी लोगों के लिए आज हम यहां पर एकत्र हुए हैं और उनके हक की आवाज उठा रहे हैं। भारत हमेशा से एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा कि हमें फिलिस्तीन के लोगों की मदद के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है।

## शिक्षक समेत दो सरकारी कर्मचारी निकले लश्कर-ए-तैयबा के मददगार



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(उ) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है।

**बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में शामिल हैं:**

खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक

सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन

जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों कर्मचारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, जिनमें आतंकियों को सहायता पहुंचाने, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और देशविरोधी तत्वों के साथ संपर्क होने जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं।

विज्ञापन

सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह आतंकवाद और उससे जुड़ी किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

## पीएम मोदी के मंच पर नजर आए राजद के दो विधायक



**गया/नवादा :** विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गया दौरे के दौरान नवादा से राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के मंच पर दिखाई दिए। इसके बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया। दोनों विधायक जल्द ही सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड का दामन थामने जा रहे हैं। दोनों को विशेष तौर पर पीएम मोदी के मंच पर बुलाया गया था। जदयू की ओर से इसकी औपचारिक घोषणा अब तक नहीं की गई है।

**राजबल्लभ प्रसाद ने कभी वोट का सौदा नहीं किया**

जानकारी के मुताबिक, पूर्व राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद यादव की पत्नी विभा देवी लंबे समय से राजद से नाराज चल रही थीं। वहीं, प्रकाश वीर भी पार्टी में अपनी अनदेखी से असंतुष्ट बताए जा रहे हैं। हाल में ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद नेताओं पर कई आरोप लगाए थे। हाल में ही विभा देवी प्रेस वार्ता कर कहा था कि ने कहा कि उन्होंने, उनके जेठ कृष्णा प्रसाद, स्व. जेहल प्रसाद या जेल में बंद राजबल्लभ प्रसाद ने कभी वोट का सौदा नहीं किया। यह नवादा है, राघोपुर नहीं, जहां एक दिन में करोड़ों रुपये बांटे जाते हैं। उन्होंने कहा कि नवादा के सैकड़ों परिवारों से उनका नाता है। उन्हें हर बात की जानकारी है। पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव की पत्नी और नवादा सदर से राजद विभा देवी ने कहा कि तेजस्वी और उनके कुछ करीबी नेताओं द्वारा उनके और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

उनके सम्मानित परिवार की छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। विभा देवी ने कहा कि वह राजनीति में अपना सम्मान बेचकर नहीं आई हैं। उन्होंने कभी घूस नहीं ली और न ही भ्रष्टाचार किया। विभा देवी ने आरोप लगाया कि जब सरकार बनाने-बिगाड़ने का खेल चल रहा था, तब तेजस्वी के साथ रहने वाले उनके कुछ करीबी नेताओं ने उनसे भारी धनराशि की मांग की थी। वह यह रकम नहीं दे सकीं।

## कोलकाता को 5,200 करोड़ की सौगात : तीन नई मेट्रो सेवाओं और कोना एक्सप्रेस-वे से मिलेगी जाम से राहत



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता को 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने एक ही दिन में तीन नई मेट्रो सेवाओं का उद्घाटन कर महानगर के परिवहन नेटवर्क को नया आयाम दिया। साथ ही उन्होंने सड़क ढांचे को मजबूती देने के लिए कोना एक्सप्रेस-वे परियोजना की आधारशिला भी रखी। इन परियोजनाओं से न केवल शहर का परिवहन मानचित्र बदल जाएगा बल्कि लोगों को सड़क जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने जेस्सोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ाझ्रजय हिंद (एयरपोर्ट) मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई और स्वयं जय हिंद विमानबंदर तक मेट्रो की सवारी की। इसके अलावा उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सियालदहझ्रएस्प्लानेड तथा बेलघाटाझ्रहेमंत मुखोपाध्याय (रूबी) मेट्रो सेवाओं की भी शुरूआत की। इन तीनों रूटों पर मेट्रो के विस्तार के साथ अब यात्रियों को सीधे एयरपोर्ट, सेक्टर-श, कवि सुभाष और बेलघाटा तक आसान, तेज और सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।

नई सेवाओं के शुरू होने से यात्रियों की सुविधा कई गुना बढ़ जाएगी। सियालदहझ्रएस्प्लानेड मेट्रो लाइन पर सफर का समय जहां पहले लगभग 40 मिनट था, वहीं अब यह महज 11 मिनट में पूरा हो सकेगा। नोआपाड़ाझ्रएयरपोर्ट लाइन से हवाई अड्डे तक पहुंचना बेहद सुगम होगा, जबकि बेलघाटाझ्रहेमंत मुखोपाध्याय लाइन से आईटी हब से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे लाखों दैनिक यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें सड़क जाम की परेशानी से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी।

मेट्रो रेल सेवाओं का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू हो रहा है। शुक्रवार शाम छह बजे से हावड़ा मैदानझ्रसेक्टर-श मार्ग पर मेट्रो का नियमित संचालन प्रारंभ हो गया है। इस रूट पर हर आठ मिनट पर ट्रेन उपलब्ध होगी और सेवाएं सुबह 6:30 बजे से रात 10:19 बजे तक जारी रहेंगी। नोआपाड़ाझ्रएयरपोर्ट रूट पर सेवा सोमवार 26 अगस्त से शुरू होगी, जहां मेट्रो सुबह 7:58 बजे से रात 8:10 बजे तक चलेगी। इसी तरह रूबी से बेलघाटा रूट पर भी सेवा सोमवार से ही प्रारंभ होगी। कवि सुभाष से पहली ट्रेन सुबह 8 बजे और अंतिम 8:28 बजे मिलेगी।

किराए को भी यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है।

हावड़ा मैदान से सेक्टर-श तक यात्रा का किराया केवल 30 रुपये रखा गया है, जबकि सियालदह तक मात्र 20 रुपये और एस्प्लानेड तक सिर्फ 10 रुपये का किराया देना होगा। नोआपाड़ाझ्रएयरपोर्ट मार्ग पर जय हिंद (एयरपोर्ट) स्टेशन तक यात्रा का किराया 50 रुपये है। एयरपोर्ट से कवि सुभाष तक का किराया 45 रुपये, जबकि सेक्टर-श तक पहुंचने के लिए 70 रुपये खर्च करने होंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 7.2 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला भी रखी, जिस पर 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

# ‘वह स्वस्थ हैं और काम पर जल्द होगी वापसी’ सीएम रेखा गुप्ता से मिलने के बाद बोले भाजपा सांसद

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हाल ही में एक जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ था, जिसके बाद उनकी तबीयत को लेकर चिंता जताई जा रही थी। गुरुवार को दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सात सांसदों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सांसदों ने जनता को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री की तबीयत में काफी सुधार है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, हमारी मुख्यमंत्री का मनोबल न गिरा है और न ही गिरेगा। जनसुनवाई पहले की तरह जारी रहेगी। अगली बैठक में वह लोगों से मिलेंगी और काम पर लौट आएंगी। आज भी लोगों से मिलने के बाद वह काम करती रहीं। हम पुलिस जांच का इंतजार करेंगे। इसके अलावा, हमारी मुख्यमंत्री अब ठीक हैं। हां, उन्हें चोट जरूर लगी थी, लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक है। बांसुरी स्वराज ने कहा, ‘आज दिल्ली के सभी 7 सांसदों के साथ हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मैं दिल्ली की जनता को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेखा गुप्ता एक शेरनी हैं, बहुत बहादुर नेता हैं। उनका मनोबल पूरी तरह से बरकरार है। इस कायरतापूर्ण और गंभीर हमले से उनकी कार्यशैली पर जरा भी असर नहीं पड़ा है। उन्होंने बैठकें लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली



पुलिस अभी जांच कर रही है; जांच के बाद चीजों को देखा जाएगा।

चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, मुख्यमंत्री बिल्कुल ठीक हैं। उनकी दिनचर्या सामान्य रूप से चल रही है। हम सबने मिलकर उनसे मुलाकात की और लंबी बातचीत की। उनकी तबियत ठीक है। एजेंसियां अपना काम करेंगी, पुलिस अपनी जांच करेगी, और सच्चाई अंततः सामने आएगी। योगेंद्र चंदोलिया ने हमले की निंदा करते हुए कहा, मुख्यमंत्री बिल्कुल ठीक हैं। कल की घटना निंदनीय है। जो व्यक्ति वहां आया था उसने हमले का प्रयास किया। हम सबने मिलकर यह दिखाया कि पूरी दिल्ली एकजुट है, सभी विधायक, कैबिनेट और हर कोई। ऐसी घटनाएं, जहां कोई बैठक के बहाने इस तरह की हरकतें करता है, निश्चित रूप से समीक्षा की आवश्यकता है और प्रशासन इसकी जांच करेगा। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा, मुख्यमंत्री पूरी तरह से ठीक हैं और उनका स्वास्थ्य अच्छा है। हमने उनसे मुलाकात की और मेरा मानना है कि किसी के लिए भी यह सोचना गलत है कि ऐसी घटना से उनका आत्मविश्वास डगमगा सकता है या जनता से उनका जुड़ाव कमजोर हो सकता है। मुख्यमंत्री जनता के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और पहले की तरह अपना काम जारी रखे हुए हैं। सुरक्षा में कोई चूक नहीं थी। बहुत जल्द ही सीएम जनता के बीच दिखाई देंगी।

## रामलिंगम हत्याकांडः एनआईए ने तमिलनाडु में 9 जगहों पर छापेमारी की, एक आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2019 में तमिलनाडु के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में राज्य के डिंडीगुल और तेनकासी जिलों में नौ जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिस पर फरार आरोपियों को शरण देने का आरोप है। यह मामला प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा है, जिसने रामलिंगम की हत्या कर लोगों में कथित तौर पर डर और सांप्रदायिक नफरत फैलाने की कोशिश की थी। एनआईए ने छापेमारी के दौरान कोडाईकनाल में अंबुर बिरयानी होटल्स के मालिक इम्थातुल्लाह को गिरफ्तार किया। उस पर 2021 से फरार आरोपियों को जानबूझकर अपने होटल में शरण देने का आरोप है। छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। इम्थातुल्लाह




द्वारा शरण दिए गए तीन फरार आरोपियों में से दो, अब्दुल मजीद और शाहुल हमीद को एनआईए ने 25 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। तीसरा आरोपी, मोहम्मद अली जिन्ना अभी भी फरार है। रामलिंगम की 5 फरवरी 2019 को तंजावुर में हत्या कर दी गई थी। वह पाट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के नेता थे। आरोप है कि पीएफआई के सदस्यों ने उनकी हत्या इसलिए की क्योंकि उन्होंने जबरन धर्म परिवर्तन का विरोध किया था। एनआईए ने मार्च 2019 में इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी और अगस्त 2019 में चेन्नई की विशेष अदालत में 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। इनमें से छह आरोपी फरार थे। 2021 में एनआईए ने फरार आरोपियों में से एक रहमान सादिक को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद अली जिन्ना 19वां आरोपी बनाया गया। एनआईए ने दो अन्य फरार आरोपियों, बुरहानुद्दीन और नफील हसन पर 5-5 लाख रुपये का इनाम रखा है। जांच एजेंसी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

# आवारा कुत्तों से जुड़ी नई अर्जी की जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर दायर एक नई अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। यह अर्जी आवारा कुत्तों को उठाने को लेकर एमसीडी की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के खिलाफ दाखिल की गई थी।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस मामले में कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। वकील का कहना था कि एमसीडी ने बिना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार किए आवारा कुत्तों को उठाने और शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। कोर्ट में दायर नई अर्जी में यह तर्क दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच को अभी यह तय करना है कि दो जजों की बेंच द्वारा दिए गए आदेश ‘जिसमें आवारा कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम में रखने का निर्देश दिया गया था’ को बरकरार




रखा जाए या नहीं। ऐसे में एमसीडी का नोटिफिकेशन न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग ठुकरा दी। बता दें कि 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए और उन्हें सड़कों पर वापस न छोड़ा जाए। कोर्ट ने नगर निगमों को वैक्सीनेशन और शेल्टर बनाने के भी निर्देश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि दिल्ली-एनसीआर के हर इलाके से

> **याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस मामले में कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की।**

आवारा कुत्तों को उठाना शुरू किया जाए और उन्हें किसी अन्य सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए। इस प्रक्रिया में किसी भी संगठन या व्यक्ति की ओर से बाधा डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर कोई कुत्तों को जबरदस्ती पकड़ने में रुकावट डालता है, तो उसे कानूनी नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं।

## बिहार की खटारा सरकार से मुक्ति चाहते हैं लोगः तेजस्वी यादव

**पटना ।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल(राजद) नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि ‘वोटर अधिकार यात्रा’ के दौरान जनता से भरपूर समर्थन मिल रहा है और जनता आगामी विधानसभा चुनाव में परिवर्तन करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता खटारा सरकार से मुक्ति चाहती है। पटना में राबड़ी आवास से बाहर निकलते वक्त मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता जागरूक है और अपने मताधिकार को समझती है। इस यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोटर लिस्ट में हेरफेर और वोट चोरी की जा रही है, जिसका पर्दाफाश हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में मौजूदा सरकार को करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुस्लिम समुदाय से मुलाकात पर उन्होंने कटाक्ष किया। कहा कि नीतीश कुमार कुछ भी करें, बिहार की जनता अब एनडीए की हकीकत समझ चुकी है। उन्होंने बिहार में गरीबी, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति, पलायन, और औद्योगिक विकास की कमी जैसे मुद्दों को उठाया।

एनडीए सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में कोई कारखाना, शुगर मिल या जूट मिल शुरू नहीं हुआ है, जिससे जनता हताश और परेशान है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर भी तेजस्वी ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि लोगों की सुनवाई नहीं हो रही और बिहार की जनता अब इस खटारा सरकार से मुक्ति चाहती है। तेजस्वी के अनुसार, इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता परिवर्तन लाएगी और एक नए बिहार का निर्माण करेगी। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नए बिल पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) जैसे कानूनों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को टॉर्चर कर रही है।

## जम्मू-पठानकोट हाईवे पर बस हादसा : वैष्णो देवी जा रहे एक श्रद्धालु की मौत, 40 घायल,सीएम ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया

एजेंसी

**सांबा ।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं से भरी बस हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि करीब 40 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरोहा (उत्तर प्रदेश) से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रहे श्रद्धालुओं की बस के सांबा जिले के जतवाल क्षेत्र में हादसे का शिकार होने की खबर अत्यंत दुखद है। उन्होंने मृतक श्रद्धालु के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को घायलों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।गौरतलब है कि यह हादसा गुरुवार तड़के उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर- यूपी 81 बीटी 7688) कठुआ से कटरा की ओर जा रही थी। जतवाल इलाके में अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर लगभग 30



फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए आगे आए और बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को जिला अस्पताल सांबा पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स विजयपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एक यात्री ने समाचार एजेंसी को बताया कि वह अमरोहा आए थे और माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए कटरा जा रहे थे। बस में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। रास्ते में हादसा हुआ, जिसमें लगभग सभी लोगों को चोटें आई हैं। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बस सवार यात्रियों की मदद की। व्यक्ति ने दावा किया कि ड्राइवर की गलती से यह हादसा हुआ। हम सभी शो रहे थे। अचानक से गाड़ी एक पुल से 30 फीट नीचे गिर गई। दूसरे यात्री ने बताया कि वह अपने घर से 18 अगस्त को निकले थे। शुरुआत में चामुंडा देवी मंदिर और ज्वालाजी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद बस सवार सभी लोग माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। रात को करीब डेढ़ बजे हादसा हुआ।

## कांग्रेस ने की मुख्यमंत्री पर हमले की निंदा, दिल्ली पुलिस की सुरक्षा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी कड़ी निंदा करते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर इस प्रकार का हमला सुरक्षा चूक का बहुत बड़ा मामला है और दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पर



सवालिया निशान खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री पर जन सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। यह हमला मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइंस राज निवास मार्ग स्थित जन सेवा केंद्र में हुआ। आरोपित की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेश भाई खिमजी भाई सकरिया के रूप में हुई है। देवेंद्र यादव ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की थी कि राजधानी दिल्ली में महिलाओं को रात्रि में भी काम करने की इजाजत दी जाएगी और उनकी रक्षा और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर कौने पर हर मिनट में अपराध हो रहे हैं और उनमें से सबसे अधिक अपराध महिलाओं के खिलाफ हो रहे है। दिल्ली पुलिस जब राजधानी की मुख्यमंत्री की सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं कर सकती, तब रात्रि शिफ्ट में काम के लिए निकलने वाली लाखों महिलाओं की सुरक्षा कौन करेगा।

# इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन दाखिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। INDIA गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नामांकन दाखिल करने के दौरान राधाकृष्णन के साथ थे। इस दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य शीर्ष केंद्रीय मंत्री




और एनडीए के नेता भी मौजूद रहे। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद यह चुनाव हो रहा है। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था। फिलहाल, सत्तापक्ष ने सी.पी. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है, जबकि विपक्षी गठबंधन की ओर से बी. सुदर्शन रेड्डी चुनाव लड़ेंगे। अंकगणित और संख्याबल के लिहाज से एनडीए के सी.पी. राधाकृष्णन का पक्ष मजबूत है। वर्तमान में, लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में कुल 245 सदस्यों में से 233 सांसद हैं। भाजपा के निचले सदन में 240 और उच्च सदन में 102 सांसद हैं, और सहयोगी दलों के समर्थन से एनडीए के सदस्यों की कुल संख्या 421 (लोकसभा में 298 और राज्यसभा में 128) हो जाती है। अन्य गैर-गठबंधन दलों में वाईएसआरसीपी ने एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है। उनके 11 सांसदों के साथ सी.पी. राधाकृष्णन के समर्थन में कुल संख्या 433 हो जाती है।

## राजस्थान होटल फेडरेशन ने दिल्ली में ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत से नीतिगत सुधार और राहत उपायों पर की चर्चा

**दिल्ली/जयपुर/उदयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष आमंत्रण पर होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान का 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर दिल्ली पहुँचा। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य होटल एवं पर्यटन उद्योग से जुड़े नीतिगत सुधार, राहत उपाय और विकास की संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। पहले दिन प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन, मुगल गार्डन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और अक्षरधाम मंदिर का अवलोकन किया। वहीं दूसरे दिन प्रतिनिधियों ने लोकसभा का भ्रमण कर मानसून सत्र की कार्यवाही देखी



और फिर लोकसभा मीटिंग हॉल में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पाली सांसद पी.पी. चौधरी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और राजस्थान कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत से मुलाकात कर होटल व पर्यटन उद्योग की प्रमुख माँगें रखीं।

# ‘वोटर अधिकार यात्रा’ भ्रम फैलाने का जरिया : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल(राजद) नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ‘वोटर अधिकार यात्रा’ पर तंज कसते हुए कहा कि यह यात्रा जनता के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने इसे जनता के बीच भ्रम फैलाने का बस एक जरिया बताया है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जिन लोगों के हवाले से दावा किया गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट से काटा गया, उनके नाम भी वोटर लिस्ट में मौजूद हैं। वहीं, एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाना इन्हें शोभा नहीं देता है क्योंकि तेजस्वी यादव को इतिहास पता होना चाहिए कि राबड़ी देवी के कार्यकाल में भी प्रक्रिया की गई थी। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों के नाम कटे हैं, वे या तो मृत हैं या पलायन कर चुके



हैं, जो एक सामान्य प्रक्रिया है। चौधरी ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस के पास बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नहीं हैं, इसलिए वे भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में सांसदों को हटाने के प्रस्ताव वाले विधेयक पर उन्होंने कहा कि मैं गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह करूंगा कि अगर कोई नेता एक दिन भी जेल में रहता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पहले, जब नेता जेल जाते थे, तो वे सार्वजनिक शर्म के कारण इस्तीफा दे देते थे। राजनीति में जवाबदेही की भावना बनी रहनी चाहिए। लालू प्रसाद यादव भी जेल गए तो इस्तीफा देकर गए। मैं दृढ़ता से आग्रह करता रहूंगा कि ऐसा विधेयक तुरंत पारित किया जाए ताकि कोई भी अपराधी, किसी भी हालत में, सरकार में न रह सके। तेजस्वी के बयान पर उन्होंने कहा कि यह लोग अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाए; जिन लोगों ने काम किया, उनके लिए अपशब्द कह रहे हैं। नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए काम किया और तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद यादव ने बिहार को लूट लिया।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दीपावली और छठ पूजा के लिए रेलवे द्वारा 12,000 विशेष ट्रेनों की घोषणा की सराहना की और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए ऐतिहासिक कदम है, जिससे त्योहारों के दौरान यात्रियों को कन्फर्म टिकट के साथ सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, उन्होंने बक्सर से लखीसराय तक टू-लेन ट्रैक को फोर-लेन में अपग्रेड करने और रेलवे रिंगरोड के निर्माण की बात कही।

# महिला सुरक्षा पर जयपुर पुलिस का बड़ा अभियान : डीजीपी बोले - ‘7 दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर का संकल्प’

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा और प्रभावशाली अभियान शुरू किया है। इसका नाम ‘सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी’ रखा गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इसका शुभारंभ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के पृथ्वीराज चौहान सभागार में किया। यह अभियान 20 से 26 अगस्त तक ‘महिला सुरक्षा सप्ताह’ के रूप में चलेगा, लेकिन इसे जीवनभर का संकल्प बताया गया है। डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा–÷अभियान 7 दिन का है, लेकिन संकल्प जीवनभर का लेना है। महिलाएं शक्ति, सहनशीलता और साहस की प्रतीक हैं। वास्तविक बदलाव तभी संभव है




जब समाज, नौजवान और समुदाय मिलकर सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पहले से संचालित कालिका पेट्रोलिंग, एंटी-रोमियो टीम और निर्भया स्क्वॉड ने सराहनीय कार्य किया है। इसी कारण जयपुर आज देश के सुरक्षित शहरों में दूसरे नंबर पर है। लक्ष्य अब इसे विश्व का सबसे सुरक्षित शहर बनाने का है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा– इस पहल का मकसद केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहर में कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के साथ-साथ महिला सुरक्षा पर विशेष काम किया जा रहा है। 2024 और 2025 में अपराधों में काफी गिरावट दर्ज हुई है। इस अभियान की जिम्मेदारी एडीजी लता मनोज कुमार और जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा डूडी संभाल रही हैं। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। वॉक एंड टॉक - महिला पुलिस अधिकारी हर गली-मोहल्ले में जाकर लोगों से संवाद करेंगी और सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी।

जागरूकता शिविर - स्कूल, कॉलेज व औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सत्र होंगे, जहां कानूनी अधिकारों व सुरक्षा उपायों पर जानकारी दी जाएगी। साथ ही लघु फिल्में और नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत होंगे।

## स्थायी समिति की बैठक में नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा एवं जन-सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और नागरिक हित से जुड़े कई प्रस्ताव पारित करते हुए अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए गए। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम का दायित्व केवल कूड़ा प्रबंधन तक सीमित नहीं है बल्कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षित वातावरण और शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना है। बैठक में पार्षदों को कार्य करने के निर्देश दिए। सभी सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए, भवन निर्माण के नक़्शे पास करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, जिन नागरिकों के पास अनुमोदित नक़्शा हो, उन्हें बेवजह तंग न किया जाए, निगम के अधीन आने वाले सभी स्विमिंग पूलों की नियमित जाँच की जाए ताकि डूबने जैसी कोई दुर्घटना न हो सके, दिल्ली में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिनके पास लाइसेंस नहीं है, उनके खिलाफ तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, निगम स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने पर ध्यान दिया जाए। साथ ही जर्जर स्कूल भवनों की जाँच कर उनकी मरम्मत हेतु शीघ्र कदम उठाए जाएं, सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाली कूड़ा उठाने वाली कंपनियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और अनुबंधीय प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जाए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार सुबह अपने निवास कार्यालय में जन सुनवाई कर रहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि जिस तरह हमलावर की एक दो दिन पहले से मुख्यमंत्री के सरकारी एवं निजी आवास की रेकी करने की सी.सी.टी.वी. फुटेज सामने आई है उससे यह सम्भावना लगती है की यह एक सोची समझी साजिश हो सकती है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नही है और मुख्यमंत्री या भाजपा ऐसे हमले से भयभीत नही होने वाले। भाजपा के नेता अपना सार्वजनिक जनसंवाद पहले से अधिक सघनता से जारी रखेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमले का सही कारण तो पुलिस जांच पूर्ण होने पर ही सामने आयेगा पर प्रारम्भिक जानकारी अनुसार यह हमलावर पूर्व में भी दो बार अपराधिक घटनाओं में संलिप्त रह चुका है। इसे यह लगता हैं कि यह कोई सुनियोजित साजिश है। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री पर हमले के बाद दिल्ली आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने जिस तरह की वीडिओ पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली वह निंदनीय है और कहीं ना कहीं हमलावर को नैतिक समर्थन देने के समान है। उन्होंने कहा कि सौरभ भारद्वाज इस तरह का ट्वीट कर हमलावर अपरोक्ष प्रोत्साहन समझ से परे है।

## मनुष्य बने रहने की कोशिश ही समकालीनता है - प्रो. नंदकिशोर आचार्य

**नई दिल्ली।** हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय डॉ. नगेंद्र स्मृति व्याख्यानमाला के दूसरे दिन साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नंद किशोर आचार्य ने रस की समकालीनता विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अपने समय में मनुष्य बने रहने की कोशिश ही समकालीनता है। कला व ध्यान ही मनुष्य के विकास की प्रक्रिया है। नंद किशोर आचार्य ने बताया कि रस को समझने के लिए रस सूत्र की जगह सहृदयता व रसानुभूति की अधिक आवश्यकता है। रस सम्पूर्ण कला शास्त्र का सिद्धांत है। कला व ध्यान मनुष्य के विकास की प्रक्रिया का एक रूप है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जन्म सृजनात्मकता का ही एक रूप है जो कि उसके अस्तित्व के लिए आवश्यक है। जिसमें मनुष्य के आत्म की सृजनात्मकता भी शामिल है जो कि नए आयामों को उद्घाटित करती है। उन्होंने कहा कि आत्मसृजन का आनंद ही रस का केंद्रीय भाव है। अतिथियों का स्वागत व विषय की स्थापना करते हुए प्रो. आशुतोष कुमार ने रस को सृजनात्मकता के आनंद में उपस्थित माना। समकालीन समय में रस को समझने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने का प्रश्न वक्ताओं के समक्ष रखा।

## दिल्ली विधानसभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा भवन में 24-25 अगस्त को होने वाली 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' की तैयारियों की समीक्षा को लेकर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में दिल्ली पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह, स्पेशल सीपी ट्रैफिक के जगदीशन, स्पेशल सीपी सुरक्षा जसपाल सिंह, डीसीपी सुरक्षा मनस्वी जैन, जॉइंट सीपी (नॉर्थ एवं सेंट्रल) मधु वर्मा और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दिल्ली पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम के लिए चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होगी। सभी अतिथियों को 'राज्य अतिथि' का दर्जा दिया जाएगा और उनके साथ दिल्ली पुलिस के विशेष प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा अधिकारी तैनात रहेंगे। हवाई अड्डे से लेकर ताज होटल में ठहरने और विधानसभा तक आने-जाने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की जाएगी ताकि सभी गणमान्य अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# उप राष्ट्रपति चुनाव में राजग का पलड़ा भारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा में संख्या बल के आधार पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत हासिल होने के कारण उसके उम्मीदवार का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को जबकि इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री राधाकृष्णन ने अपना नामांकन पत्र दायर कर दिया है जबकि श्री रेड्डी नामांकन दायर करने के अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उप राष्ट्रपति चुनाव आगामी नौ सितम्बर को निर्धारित है। उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सभी सांसद मतदान करते हैं। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन एक सीट खाली होने की वजह से मतदान में 542 सदस्य हिस्सा ले सकेंगे। राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं जबकि छह सीटें खाली हैं जिसकी वजह से




239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं। इस तरह मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है। चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी।

दोनों सदनों में संख्याबल और राजनीतिक समीकरण को देखते हुए राजग के लोकसभा में 293 और राज्यसभा में कम से कम 134 सांसद हैं। इससे राजग के पास कम से कम 427 वोटों का ठोस आंकड़ा है, जो बहुमत के लिए जरूरी 391 वोटों के आंकड़े से बहुत अधिक है। इस तरह राजग उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन के जीतने की प्रबल संभावना है। इंडिया गठबंधन के लोकसभा में 249 और राज्यसभा में 105 सांसद हैं। इस तरह गठबंधन के कुल 354 वोट होते हैं जो बहुमत के लिए आवश्यक आंकड़े 392 से कम है।

अगर इंडिया गठबंधन आम तौर पर सरकार के पक्ष में वोट करने वाली वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल जैसी छोटी पार्टियों को भी अपने पक्ष में कर लेती है तो भी वह जीत के जादुई आंकड़े से दूर ही रहेगा। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के 60 दिनों के भीतर और 19 सितंबर से पहले होना चाहिए। उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान गुप्त मतदान प्रक्रिया से होता है।

राजग उम्मीदवार के नामांकन के समय उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री तथा भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी थे। नामांकन प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्रों के चार सेट दाखिल किए गए।

## दिल्ली के दरियागंज इलाके में दो मंजिला इमारत गिरी, तीन की मौत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दरियागंज थाना क्षेत्र में साद्भावना पार्क से सटी सिटी वॉल के किनारे बनी एक इमारत अचानक ढह गई। हादसे में काम कर रहे तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान जुबैर, गुलसागर और तौफीक के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस व राहत दल मौके पर पहुंचे और शवों को लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल भेज दिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही डीडीएमए सहित संबंधित नागरिक एजेंसियों को सूचित किया गया है। फिलहाल राहत व बचाव कार्य जारी है और मलबे में किसी और के दबे होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि तथ्यात्मक जांच के बाद इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दमकल व पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर 12.14 बजे सूचना मिली कि साद्भावना पार्क से सटी सिटी वॉल के पास दो मंजिला मकान गिर गया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व दमकल की तीन गाड़ी पहुंची। पुलिस ने आसपास लोगों की मदद से मलबे से तीन लोगों को बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस ने की निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग, संसदीय समिति की रिपोर्ट का दिया हवाला

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए कांग्रेस ने केंद्र सरकार से निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण लागू करने की अपील की है। दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा संबंधी संसदीय समिति की रिपोर्ट को आज ही संसद में पेश किया गया। समिति ने सिफारिश की है कि संसद को ऐसा कानून पारित करना चाहिए, जिसके तहत निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी समुदायों के लिए 15 प्रतिशत, एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य किया जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी समुदाय के लिए 15 फीसदी, एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग की है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने न्याय पत्र के माध्यम से वादा किया



था कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो संविधान के अनुच्छेद 15(5) को लागू करने के लिए कानून लाया जाएगा, जिससे निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण अनिवार्य हो सके। उन्होंने बताया कि समिति ने अपने अध्ययन में यह बताया कि वर्तमान में निजी संस्थानों में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तीन प्रमुख निजी उत्कृष्ट संस्थानों के आंकड़ों के अनुसार, केवल 0.89 प्रतिशत छात्र एससी वर्ग से हैं, 0.53 प्रतिशत एसटी वर्ग से और 11.16 प्रतिशत छात्र ओबीसी वर्ग से हैं। समिति ने कहा कि यह आंकड़े चिंताजनक हैं और इससे स्पष्ट होता है कि बिना कानूनी प्रावधान के सामाजिक न्याय की दिशा में प्रगति संभव नहीं है।

समिति की सिफारिश में यह भी कहा गया कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15(5), जिसे 2006 में 93वें संविधान संशोधन के ज़रिए जोड़ा गया था, सरकार को निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करने का अधिकार देता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में अनुच्छेद 15(5) की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। इसके बावजूद अब तक संसद ने कोई ऐसा कानून पारित नहीं किया है जो इस अधिकार को लागू कर सके।

## बस्तर सांसद ने प्रधानमंत्री को बस्तर दशहरा में शामिल होने को दिया आमंत्रण

एजेंसी

**जगदलपुर।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बुधवार को अपनी पत्नी चंपा कश्यप व पुत्री क्षमता कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रण दिया। सांसद महेश कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए बस्तर दशहरे में समय निकालकर शामिल होने का आश्वासन दिया है।

मुलाकात के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बस्तर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र ने विगत 11 वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए को हटाकर भारत माता के माथे से कलंक मिटाने का साहसिक निर्णय हो या फिर अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर भारत की आध्यात्मिक आत्मा को पुनर्जागृत करने का कार्य, इन ऐतिहासिक कदमों ने भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में बस्तर जैसे आदिवासी बहुल, जल-जंगल-जमीन से समृद्ध लेकिन लंबे समय तक नक्सलवाद से पीड़ित क्षेत्र में आज शांति और विकास की नई राह दिखाई दे रही है। माओवादी हिंसा और अशिक्षा जैसी समस्याओं को समाप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं और 2026 तक बस्तर को पूर्ण रूप से नक्सलवाद मुक्त बनाने की ठोस कार्य योजना पर



कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र के कार्यक्रम में स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर क्षेत्र का बार-बार उल्लेख किया जाना बस्तर के लिए गर्व का विषय है और इससे यह स्पष्ट होता है कि यह क्षेत्र प्रधानमंत्री के हृदय के कितना निकट है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मारने की नीयत से किया गया था हमला : कपिल मिश्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला बहुत ही गंभीर मामला है। यह कोई राजनीतिक हमला नहीं है, यह मारने की नीयत से किया गया हमला है। मुख्यमंत्री को गिराकर मारने की कोशिश की गई है, यह अपने आप में भयावह है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जन सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। यह हमला मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइंस राज निवास मार्ग स्थित जन सेवा केंद्र में हुआ। आरोपित की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेश भाई खिमजी भाई सकरिया के रूप में हुई है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यह व्यक्ति मारने के इरादे से आया था। इसके



पास न कोई कागज था न कोई मुद्दा। इसके मोबाइल में मुख्यमंत्री के घर की रेकी के वीडियो मिले हैं। यह व्यक्ति सिर्फ हमला करने के उद्देश्य से ही आया था। मुख्यमंत्री का मनोबल इन हमलों से कम नहीं हुआ है, मुख्यमंत्री जनसुनवाई के लिए पहले से ज्यादा जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री न रुकेंगी, न झुकेंगी और न ही डरने वाली हैं। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। जनसुनवाई का कार्यक्रम लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम है, जहां जनता अपने सवाल और संदेह बिना किसी डर या बाधा के मुख्यमंत्री तक पहुंचा पाती है। ऐसी पवित्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कदापि स्वीकार नहीं की जा सकती। दोषियों पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री पर हुआ हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली के हित के लिए निरंतर कार्यरत एक संवेदनशील और दृढ़निश्चयी महिला नेतृत्व पर इस प्रकार का कायरतापूर्ण आक्रमण लोकतांत्रिक आचरण की मूल भावना के विपरीत है। यह अमर्यादित कृत्य न केवल हमारे लोकतंत्र की साख को आहत करता है, बल्कि समाज में अराजकता फैलाने का घृणित प्रयास भी है।

## भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर मोर्चा की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने महिला मोर्चा की गतिविधियों की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी और वीरांगना भारत की 75 प्रेरणादायी महिला स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित विशेष कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। मुलाकात के बाद वानथी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि पिछले तीन वर्षों में किए गए महिला मोर्चा के कार्यों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। कमल मित्र अभियान जैसी स्वप्रेरित पहलें, प्रभावशाली दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम, व्यापक जनसंपर्क अभियान और अनेक नवाचारी अभियानों के माध्यम से महिला मोर्चा ने लगातार जमीनी स्तर की महिलाओं से जुड़ने और उन्हें पार्टी तथा सरकार की परिवर्तनकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान 37 राज्यों में संगठनात्मक दौरों के अनुभव साझा किए।

इसमें न केवल संगठनात्मक कैडर की शक्ति प्रतिबिंबित होती है, बल्कि उन प्रेरक कहानियों का भी उल्लेख है जिनमें महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की प्रगति की समान भागीदार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अत्यंत रुचि से सब सुना, मोर्चा के प्रयासों की सराहना की और बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया, जो महिला मोर्चा को और व्यापक स्तर पर पहुंचने और प्रभाव बढ़ाने की प्रेरणा देगा।

# पिछले 11 वर्षों में सत्ता पक्ष ने विपक्ष के साथ भेदभाव किया: खरगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में बैठक कर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में एकजुटता का प्रदर्शन किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, एनसीपी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, डीएमके सांसद त्रिची शिवा, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई समेत कई प्रमुख विपक्षी दलों के नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर खरगे ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सत्ता पक्ष ने विपक्ष के साथ भेदभाव किया है। संसद में बहुमत के बल पर सरकार जनविरोधी कानून पारित करती रही है, जबकि यह सरकार अल्पमत में है। संसद के मानसून सत्र में देश ने देखा कि कैसे बिना विपक्ष की भागीदारी के विधेयकों को जल्दबाजी और मनमानी से पारित किया गया। विपक्षी सांसदों को बोलने नहीं दिया गया और उन्हें मनमाने तरीके से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति देश का दूसरा



सर्वोच्च संवैधानिक पद है, जिसकी गरिमा और निष्पक्षता को बनाए रखना अनिवार्य है। डॉ. एस. राधाकृष्णन जैसे महान व्यक्तित्वों ने इस पद की गरिमा को स्थापित किया था और राज्यसभा में एक स्वस्थ परंपरा को जन्म दिया था। आज वही परंपराएं टूटती दिख रही हैं और विपक्ष को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। ऐसे समय में विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि वे एक ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित करेंगे, जिनका पूरा जीवन संविधान, लोकतंत्र और न्यायिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा हो। राहुल गांधी ने भी इस मौके पर रेड्डी के अनुभव और सोच की सराहना करते हुए कहा कि वे एक ऐसे न्यायाधीश हैं, जिनके पास दशकों का कानूनी अनुभव है और वे संविधान के सच्चे उपासक हैं। रेड्डी ने तेलंगाना में सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## पति-पत्नी और बेटे का मिला शव, दूसरा बेटा लापता

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र के सतबाड़ी खर्क गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की खून से सनी लाशें मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी कि घर नंबर 155 पर खून-खराबा हुआ है, एक लड़के ने हाथ काट लिया है और घर में खून फैला हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जो नजारा देखा, उससे सब दंग रह गए।

पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतकों की पहचान प्रेम सिंह (50), पत्नी रजनी (45) और बेटा ऋतिक (24) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक प्रेम सिंह और ऋतिक के शव घर की निचली मंजिल पर खून से लथपथ पड़े थे, जबकि रजनी का शव पहली मंजिल से बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही एफएसएल टीम और क्राइम टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए।

# संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को ध्वनि मत से पारित कर दिया, जिससे गुवाहाटी में देश का 22वां और असम का पहला भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। केंद्र सरकार इसके लिए 550 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता प्रदान करेगी। यह विधेयक एक दिन पहले मंगलवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। सरकार के मुताबिक, आईआईएम गुवाहाटी, पूर्वोत्तर भारत में शिलॉन्ग के बाद दूसरा आईआईएम होगा। यह विधेयक गुवाहाटी में स्थापित होने वाले आईआईएम को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान का दर्जा भी प्रदान करता है। इसके माध्यम से पूर्वोत्तर भारत में उच्च शिक्षा में क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने, विश्वस्तरीय प्रबंधन शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने तथा आर्थिक विकास और व्यावसायिक नेतृत्व को सशक्त करने का लक्ष्य है। राज्यसभा में भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए जाने के बाद विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा कि यह केवल एक



धर्मेन्द्र प्रधान, शिक्षा मंत्री

शैक्षणिक संस्थान की स्थापना नहीं है, बल्कि असम और पूर्वोत्तर भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में आईआईएम की मांग लंबे समय से की जा रही थी और आज यह सपना साकार हो रहा है। प्रधान ने कहा कि आईआईटी गुवाहाटी, एनआईटी सिलचर और केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच एक आईआईएम की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब यह कमी पूरी हो रही है। इस संस्थान से असम के युवाओं को प्रबंधन शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि विधेयक के माध्यम से भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 में संशोधन कर गुवाहाटी स्थित नए संस्थान को अधिनियम की अनुसूची में शामिल किया जाएगा, जिससे इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्राप्त होगा। शिक्षा मंत्री ने सदन से आग्रह किया कि इस विधेयक को तत्काल पारित किया जाए ताकि इसी सत्र में गुवाहाटी में आईआईएम का उद्घाटन कर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किया जा सके। राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी भुवनेश्वर कालिता की अनुमति के बाद विधेयक पर व्यापक चर्चा हुई और अंततः इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। चर्चा के दौरान असम से भाजपा सदस्य कणाद पुरकायस्थ, एजीपी के बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य, गुजरात से रामभाई मोकारिया और तमिलनाडु से एआईएडीएमके के डॉ. एम. थंबीदुरई ने विधेयक का समर्थन करते हुए इसमें भाग लिया। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने एक दिन पहले लोकसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान बताया था कि इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जबकि असम सरकार भूमि और बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करेगी। असम सरकार और केंद्र सरकार के बीच इस परियोजना को लेकर गहरा सहयोग रहा है।

# राष्ट्रपति सैलून का आम जनता के लिए अनावरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में आज ऐतिहासिक राष्ट्रपति सैलून का आम जनता के लिए अनावरण किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की कार्यकारी निदेशक (विरासत) आशिमा मेहरोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक दिनेश कुमार गोयल भी शामिल हुए। यह विशेष प्रदर्शनी 24 अगस्त तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। राष्ट्रपति सैलून भारतीय रेलवे की उस गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसका उपयोग देश के राष्ट्रपतियों द्वारा राजकीय यात्राओं के लिए किया जाता रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य जनता को इस अनूठे सैलून के इतिहास से अवगत कराना है। इसमें उन राजकीय रेल यात्राओं की झलक मिलती है, जो भारतीय लोकतंत्र और परंपराओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण रही हैं। यह आयोजन भारतीय रेलवे की उस विशिष्ट विरासत को सामने लाता है, जो परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय संगम है। प्रदर्शनी के दौरान दर्शक न केवल राष्ट्रपति सैलून की भव्यता और ऐतिहासिक महत्व को देख सकेंगे, बल्कि भारतीय रेलवे के गौरवशाली अध्यायों से भी रूबरू होंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति सैलून दो विशेष डिब्बों में बंटा है। यह कोच संख्या 9000 और 9001 से मिलकर बना है। पहले कोच संख्या 9000 कार 'ए' में राष्ट्रपति का दफ्तर, बैठक कक्ष, विश्राम कक्ष, अतिथि कक्ष, स्नानघर, आलीशान किचन और शौचालय शामिल है। इस हिस्से में राष्ट्रपति अपनी औपचारिक बैठक और राजकीय कार्य करते थे। यहां 14.5 किलोग्राम चांदी के बर्तन थे, जिनमें राष्ट्रपति खाना खाते थे। वहीं, दूसरे कोच संख्या 9001 कार 'बी' में चिकित्सक और सचिव का केबिन, भोजन कक्ष, रसोईघर तथा पेट्री स्टोर जैसी सुविधाएं मौजूद है। यह कोच राष्ट्रपति के स्टाफ और टीम के लिए तैयार किया गया गया था। इसकी स्पीड 90 किमी प्रति घंटा है। बोगी में पार्किंग ब्रेक के साथ एयर ब्रेक सिस्टम लगा है। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के कार्यकाल के बाद राष्ट्रपति सैलून का संचालन बंद कर दिया गया। नई दिल्ली के रेल म्यूजियम में फिलहाल इसे रखा गया है।

## संपादक की कलम से

### सभी देवताओं में प्रथमपूज्य वक्रतुण्ड श्रीगणेश

सभी देवताओं में प्रथम पूजे जाने का अधिकार विघ्नाशक श्री गणेश के पास है। शंकर पार्वती के कनिष्ठ पुत्र जिनका सर गज का है। इसीलिये इन्हें गजानन भी कहा जाता है। एक बार क्रोध में आकर पिता शंकर ने श्री गणेश का सर ही अपने त्रिशुल से काट डाला था। बाद में अपने ही पुत्र की हत्या करने की जानकारी होने पर भगवान शंकर ने गज का सर जोड़कर गणेशजी को पुर्नजीवन प्रदान किया एवं उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया कि सभी देवताओं और मुझसे भी पहले तुम्हारी पूजा करने में ही बाकी देवताओं की पूजा करने पर सबकी पूजा सार्थक होगी। इस अवसर पर उपस्थित माँ पार्वती एवं अनेक देवताओं ने भी उन्हें अनेक वर देकर अभिभूषित किया। आज हमारे देश में ही नही वरन विदेशों में भी गणेश चतुर्थी आने पर उनकी प्रतिमा स्थापना कर उनकी आराधना करने का चलन सर्व प्रचलित हो चुका है । गाँव गाँव और शहरों में प्रायः हर गली मुहल्ले में साज सजावट और पंडाल बनाकर युवाजन गणेश प्रतिमा की स्थापना बड़े जोशो खरोश और उत्साह से करते हैं। इस अवसर पर अनेक स्थानों में सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। यह उत्सव दस दिन चलता है उसके बाद अनंत चतुर्दशी को "गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के नारों के साथ गणेश की प्रतिमा को नदी जलाशयों में विसर्जित कर दिया जाता है। श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है, आजादी पूर्व जब देश अंग्रेज शासकों की गुलामी में देशवासी सिसक रहे थे। चारों ओर अंग्रेजों का आतंक और फूट डालो राज करो की नीति का साम्राज्य व्याप्त था। ऐसी विषम परिस्थितियों में स्वतंत्रता के महान सेनानी "बाल गंगाधर तिलक" ने इस परम्परा का बीजारोपण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गणेश की प्रतिमा की स्थापना कर लोगों के बीच भाईचारे संगठन और एकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से गणेशोत्सव का शुभारंभ किया। यह परम्परा धीरे धीरे बम्बई पुणे से फैलते - फैलते पूरे मराठवाड़ा में फैल गया। उसके बाद जल्दी ही यह सारे राष्ट्र का पर्व बन गया।

और अब सारी दुनिया में इसे बड़े उत्साह से स्थापित कर हिन्दूओं द्वारा उत्साह का प्रदर्शन किया जाता है।

वैसे उत्तर भारत में मुख्यतः शिव पार्वती की पूजा ज्यादा प्रचलित हैं, किन्तु दक्षिण में शिव पार्वती के साथ गणेश और उनके अग्रज भ्राता कार्तिकेय की पूजा भी बड़े उत्साह के साथ की जाती है। गणेश जी की पूजा दीपावली में भी लक्ष्मी जी के साथ अनिवार्यतः मानी गई है। वहीं कार्तिकेय की पूजा विजयादशमी के अवसर पर दुर्गा की मूर्ति के साथ स्थापित कर उन्हें पूजा जाता है। गणेशजी अधिकांशतः शुभ और लाभ के अवसर पर स्थान पाते हैं। जिस प्रकार शिव के अनेक पर्याय व नाम हैं, उसी प्रकार श्रीगणेश की भी अनेक नामों से चर्चा हुई है। उदाहरणार्थ ऋग्वेद संहिता में गणेश की स्तुति इस प्रकार की गई है।

"हे ब्रम्हणस्पति, तुम देवों में गणपति और तुम्हारा अन्न सर्वोच्च और अमानभूत है।

तुम प्रशंसनीय लोगों में राजा और मंत्रों के स्वामी हो। हम तुम्हें बुलाते हैं। तुम हमारी स्तुति सुनकर आश्रय प्रदान करने के लिये यज्ञ ग्रह में बैठो।"

इस स्तुति में ब्रम्हणस्पति का अर्थ वाक्पति अर्थात वाणी का स्वामी से है। और गणपति का अभिप्रायः है गुणों - का पति । महाहस्ती, एकदंत, वक्रतुण्ड तथा - दन्ती आदि नामों से भी उन्हें पुकारा जाता है। यजुर्वेद में भी गणपति की स्तुति इस प्रकार की गई है।

"नमो गणेक्यो गणपतिभ्यश्व"

अर्थात गणों को और आप गणपतियों को प्रणाम है। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद का यह निम्न मंत्र आज ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है।

"गणानां त्वां गणपति हबागडे प्रियाणां त्वा प्रियपति हवामहे निधीनां त्वां निधिपति हवाम हे वसो मम।।" अर्थात हम मनुष्यादि के गण के अधिष्ठाता के रूप में विद्यमान तुम्हारा आह्वान करते हैं। संसार के समस्त पदार्थों में सर्वाधिक प्रिय होने के कारण गज रूप होने के कारण हम आपका आव्हान करते हैं। जिसमें सभी प्राणी निवास करने हैं, ऐसे वसु नामक परमात्मन आप मेरी भी रक्षा करें। वह स्तुति गणेश के वर्तमान स्वरूप के अधिक निकट बैठती है, क्योंकि आज भी गणेश को विघ्नविनाशक तथा समृद्धि के रक्षक देवता के रूप में ही माना जाता है।अनंत चतुर्दशी का पर्व भी हालांकि गणेश पूजा से ही संबंधित है पर इस दिन भगवान विष्णु की कथा सुनी जाती है। इस पर्व (व्रत) के नाम से ही बोध होता है कि यह दिन उस अंतहीन सृष्टि के रचयिता निर्गुण ब्रम्ह की भक्ति का दिवस है। इस दिन भक्तगण अन्य कार्यों को त्याग कर ईश्वर भक्ति में बिताते हैं। इस दिन वेदग्रंथों का पाठ करके भक्ति की स्मृति का डोरा बांधा जाता है, जिसे अनंता कहते हैं। इस व्रत की पूजा दोपहर को की जाती है। इस दिन व्रती लोग स्नान करके कलश की स्थापना करते हैं। कलश पर अष्टदल कमल के समान बने बर्तन में कुशा से निर्मित अनन्त की स्थापना की जाती है। इसके पास कुमकुम, केशर या हल्दी रंजित चौदह गांठों वाला अनंत भी रखा जाता है। कुशा के अनंत की वंदना करके, उसमें विष्णु भगवान का आह्वान तथा ध्यान करके गंध, अक्षत, पुष्प, धूप तथा नैवेद्य से पूजन किया जाता है। इसके बाद अनंत का पुनः ध्यान करके शुद्ध अनंत को अपनी दाहिनी भुजा पर बांधना चाहिये। यहं डोरा भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनन्त फलदायक माना गया है।

यह व्रत धन, पुत्रादि की कामना से किया जाता है। इस दिन नवीन सूत्र के अनंत को धारण करके पुराने को त्याग देना चाहिये। इस व्रत का पारण ब्राम्हण को सम्मान व दक्षिणा दे करके करना चाहिये। अनंत की चौदह गांठे चौदह लोगों की प्रतीक है। उनमें अनंत भगवान विद्यमान है। इस व्रत की कथा सामूहिक रूप से परिवार जनों के बीच सुनी जानी चाहिये।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की मजबूती के लिए श्रीकृष्ण और गांधी से प्रेरणा की जरूरत जताई

बदलती स्थितियों में परिवर्तन के मानदंड भी बदल देते हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी प्रेरणा से आत्मनिर्भरता की बात हमेशा ही करते रहे हैं, परंतु इस बार उन्होंने लाल किले की प्राचीर से भारत को मजबूत बनाने के लिए कहा कि हमें इस हेतु चक्रधारी मोहन अर्थात भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेनी चाहिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के नजरिए से चरखाधारी मोहन यानी महात्मा गांधी के मार्ग पर चलना चाहिए। इन प्रतीकों के माध्यम से भारत की समृद्धि के रास्ते खुलते हैं। दुनिया में भू-राजनीतिक स्थितियां बदल रही हैं। ऐसे में भारत को अपने हितों को साधने के लिए नए मित्रों का साथ जरूरी है। हम देख रहे हैं कि अमेरिका, रूस, चीन, भारत और पाकिस्तान के परिप्रेक्ष्य में तेजी से नए समीकरण बनते-बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में कृशण के सुदर्शन चक्र से प्रेरणा लेने की जरूरत है। यह चक्र काल और जीवन दोनों की ही गतिशीलता का प्रतीक है। यह नाम सत्य की रक्षा और असत्य के संहार का प्रतीक भारतीय परंपरा में रहा है। इसी चक्र की निरंतर गतिशीलता को देखते हुए वैदिक ऋषियों ने चरैवेति-चरैवेति सिद्धांत स्थापित किया था। अंग्रेजों ने जब भारत में यांत्रिकीकरण लागू किया, तब गांधी ने इस समस्या से निपटने के लिए चरखा को स्वावलंबन के मंत्र का आधार बनाया। गांधी ने कहा कि भारत के सभी नागरिक स्वदेशी उत्पादों पर भरोसा रखें, क्योंकि अगर आप भारतीय हैं तो भारत में बनी चीजें ही खरीदें। इन्हें ही उपहार में दें। दुकानदार स्वदेशी सामान ही बेचें। यदि हम ऐसा करते हैं तो इस एक कदम से भारतीय मजदूर और गरीब नागरिक को लाभ होगा। गांधीजी ने केंद्रीय उद्योग समूहों के विरुद्ध चरखे को बीच में रखकर लोगों के लिए यांत्रिक उत्पादन की जगह, उत्पादन लोगो द्वारा हो का आंदोलन चलाया था। जिससे एक बढ़ी आबादी वाले देश में बहुसंख्यक लोग रोजगार से जुडें.और बढ़े उद्योगां का विस्तार सीमित रहे। इस दृष्टिकोण के पीछे महात्मा का उद्देश्य यांत्रिकीकरण से मानव मात्र को छुटकारा दिलाकर उसे सीधे स्वरोजगार से जोड़ना था।

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

**ललित गर्ग**

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।

भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने।



वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरूआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-ह्लसमावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनानाह्व। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है।

यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है।

समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की।

प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है। फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है। कहावत भी है कि खालीपन सजा भी है और मजा भी है। यह वृद्धावस्था को प्राप्त लोगों पर ही निर्भर है कि वे खालीपन में मजा ले रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं या उसे सजा बना रहे हैं। धर्म की जड़ पाताल में और पाप की जड़ अस्पताल में, यह साक्षात अनुभव करते हुए वृद्धजन अपने वृद्धावस्था को उपयोगी बनाये।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम वृद्धों की देखभाल करने के दायित्व का निर्वाह ईमानदारी से करें, जिन्होंने कभी हमारी देखभाल की थी, सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। उम्र दरअसल उन वर्षों की गिनती है जिनमें दुनिया ने हमारे साथ यात्रा की है। बुजुर्ग जीवित पुस्तकालय हैं, जिनमें ज्ञान की अनगिनत दुनिया छिपी है। उनका सम्मान करना अपने भविष्य का सम्मान करना है, और यही शक्ति, अनुग्रह और विरासत को सहेजने का मार्ग है। यह दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम बुजुर्गों को केवल जीने के लिए ही नहीं, बल्कि सम्मान और उत्साह के साथ जीने का अधिकार देंगे। हमें अतीत का सम्मान करना है, वर्तमान को संजोना है और सभी उम्र के लोगों के लिए एक समावेशी भविष्य की आशा करनी है।

# स्वदेशी के मूल मंत्र से ही भारत होगा मजबूत व सुरक्षित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले।लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनैतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया । अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रो की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की।साथ ही, देश के विभिन्न स्थानों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यकी परिवर्तन की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर मिशन मोड में अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है जो राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि लाल किले से उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा की और उसे सबसे बड़ा एनजीओ बताया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार अपनी स्थापना के 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश वा समाज हित में किए गए संघ के कार्यों की चर्चा व प्रशंसा संघ के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करने वाला तो रहा ही साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता । प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर आपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर ना होते तो क्या आप सोच सकते हैं कि इतना सफल ऑपरेशन सिंदूर संभव हो पाता । अमेरिका की शह पर अनर्गल प्रलाप करने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि अब भारत के साथ परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की नीति अभी तक पहले हमला नहीं करने की रही है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना-प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त के दिन से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपए की योजना लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवकों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपए दिये जायेंगे। यह योजना करीब- करीब साढे. तीन करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बनाएगी। नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार -पीएम मोदी ने इस दीपावली से जीएसटी सुधार के माध्यम से बड़ी राहत देने की घोषणा की है जिससे आम नागरिकों व छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। हाई पावर डेमोग्रॉफी मिशन-प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिए भोले -भाले आदिवासियों को भ्रमित कर-के उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरुषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है जोकि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेश ने रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गई है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। झारखंड जैसे छोटे राज्यों में यह समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है और गत चुनावों में यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बना था। समुद्र मंथन - प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में समुद्र मंथन योजना की ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। हम समुद्र से भारत के लिए तेल और गैस खोजने का अभियान प्रारंभ करने जा रहे हैं जिससे हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सकें।इस अभियान को समुद्र मंथन नाम दिया गया है।

सुदर्शन चक्र मिशन -प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2035 तक देश के सभी सामरिक व सेना के साथ ही आस्था के सभी महत्वपूर्ण केंद्रो को स्वदेशी तकनीक आधारित व्यापक सुरक्षा कवच देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है और इस कवच का लगातार विस्तार होता जाएगा ताकि देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर हमने सुदर्शन चक्र की राह को चुना है। ये एक पावरफुल वेपन सिस्टम होगा जो दुश्मन के हमले को नष्ट तो करेगा ही करेगा साथ ही,कई गुना अधिक शक्ति से दुश्मन पर हिट बैक करेगा।

परमाणु ऊर्जा क्षमता-2047 तक 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 10 नए परमाणु रिएक्टर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। हम परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मेड इन इंडिया जेट इंजन-प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवा वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों से पूछा कि हमारे देश का अपना पूरी तरह से स्वदेशी जेट इंजन होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। आगे कहा हमें स्वदेशी जेट इंजन का निर्माण करना है तभी हम पूरी तरह आत्मनिर्भर होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एक मंत्र दिया है और वह है ह्लदाम कम, लेकिन दम ज्यादा।ह्व अर्थात उन्होंने उद्यमियों और उद्योगों से उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया ताकि हम वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की धूम मचा सकें।अगर हमें वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की क्षमता प्रदर्शित करनी है तो हमें गुणवत्ता के मोर्चे पर निरंतर नई ऊंचाइयों को छूना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों के साथ -साथ राजनीतिक दलों से भी घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने का आग्रह किया। अपने संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने एकमात्र यही संदेश दिया है कि अब आत्मनिर्भरता ही सुरक्षित भारत का मूल मंत्र है। फिर वह चाहे जो भी क्षेत्र हो। उर्वरकों में आत्मनिर्भरता का संकल्प- प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में उर्वरकों के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता का संकल्प दिखा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है ताकि विदेशी दबाव से किसानों को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि खेती की लागत घटना ही सिर्फ लक्ष्य नहीं है अपितु किसानों की आय बढ़ाने के लिए सस्ती खाद भी उपलब्ध कराना आवश्यक है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की मजबूती के लिए श्रीकृष्ण और गांधी से प्रेरणा की जरूरत जताई

बदलती स्थितियों में परिवर्तन के मानदंड भी बदल देते हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी प्रेरणा से आत्मनिर्भरता की बात हमेशा ही करते रहे हैं, परंतु इस बार उन्होंने लाल किले की प्राचीर से भारत को मजबूत बनाने के लिए कहा कि हमें इस हेतु चक्रधारी मोहन अर्थात भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेनी चाहिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के नजरिए से चरखाधारी मोहन यानी महात्मा गांधी के मार्ग पर चलना चाहिए। इन प्रतीकों के माध्यम से भारत की समृद्धि के रास्ते खुलते हैं। दुनिया में भू-राजनीतिक स्थितियां बदल रही हैं। ऐसे में भारत को अपने हितों को साधने के लिए नए मित्रों का साथ जरूरी है। हम देख रहे हैं कि अमेरिका, रूस, चीन, भारत और पाकिस्तान के परिप्रेक्ष्य में तेजी से नए समीकरण बनते-बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में कृशण के सुदर्शन चक्र से प्रेरणा लेने की जरूरत है। यह चक्र काल और जीवन दोनों की ही गतिशीलता का प्रतीक है। यह नाम सत्य की रक्षा और असत्य के संहार का प्रतीक भारतीय परंपरा में रहा है। इसी चक्र की निरंतर गतिशीलता को देखते हुए वैदिक ऋषियों ने चरैवेति-चरैवेति सिद्धांत स्थापित किया था। अंग्रेजों ने जब भारत में यांत्रिकीकरण लागू किया, तब गांधी ने इस समस्या से निपटने के लिए चरखा को स्वावलंबन के मंत्र का आधार बनाया। गांधी ने कहा कि भारत के सभी नागरिक स्वदेशी उत्पादों पर भरोसा रखें, क्योंकि अगर आप भारतीय हैं तो भारत में बनी चीजें ही खरीदें। इन्हें ही उपहार में दें। दुकानदार स्वदेशी सामान ही बेचें। यदि हम ऐसा करते हैं तो इस एक कदम से भारतीय मजदूर और गरीब नागरिक को लाभ होगा।

गांधीजी ने केंद्रीय उद्योग समूहों के विरुद्ध चरखे को बीच में रखकर लोगों के लिए यांत्रिक उत्पादन की जगह, उत्पादन लोगो द्वारा हो का आंदोलन चलाया था। जिससे एक बढ़ी आबादी वाले देश में बहुसंख्यक लोग रोजगार से जुडें.और बढ़े उद्योगां का विस्तार सीमित रहे। इस दृष्टिकोण के पीछे महात्मा का उद्देश्य यांत्रिकीकरण से मानव मात्र को छुटकारा दिलाकर उसे सीधे स्वरोजगार से जोड़ना था। क्योंकि दूरदृष्टा गांधी की अंर्तदृष्टि ने तभी अनुमान लगा लिया था कि औद्योगिक उत्पादन और प्रौद्योगिकी विस्तार में सृष्टि के विनाश के कारण अंतर्निहित हैं। आज दुनिया के वैज्ञानिक अपने प्रयोगों से जल, थल और नभ को एक साथ दूषित कर रहे हैं।

गांधी गरीब की गरीबी से कटु यर्थाथ के रूप में परिचित थे। इस निवर्सन गरीबी से उनका साक्षात्कार ओड़ीसा के एक गांव में हुआ था। यहां एक बूढ़ी औरत ने गांधी से मुलाकात की थी। जिसके पैबंद लगे वस्त्र बेहद मैले-कुचेले थे। गांधी ने शायद साफ-सफाई के प्रति लापरवाही बरतना महिला की आदत समझी। इसलिए उसे हिदायत देते हुए बोले, अम्मां क्यों नहीं कपड़ों को धो लेती हो ?

बुढ़िया बेवाकी से बोली, बेटा जब बदलने को दूसरे कपड़े हों, तब न धो-पहनूं। महात्मा आपादमस्तक सन्न व निरुत्तर रह गए। इस घटना से उनके अंर्तमन में गरीब की दिगंबर देह को वस्त्र से ढकने के उपाय के रूप में चरखा का विचार कौंधा। साथ ही उन्होंने स्वयं एक वस्त्र पहनने व ओढ़ने का संकल्प लिया। देखते-देखते उन्होंने वस्त्र के स्वावलंबन का एक पूरा आंदोलन ही खड़ा कर दिया। लोगों को तकली-चरखे से सूत कातने को उत्प्रेरित किया। सुखद परिणामों के चलते चरखा स्वनिर्मित वस्त्रों से देह ढकने का एक कारगर अस्त्र ही बन गया।पिछले तीन दशक के भीतर उद्योगों की स्थापना के सिलसिले में हमारी जो नीतियां सामने आयी हैं उनमें अकुशल मानव श्रम की उपेक्षा उसी तर्ज पर है, जिस तर्ज पर अठारहवीं सदी में अंग्रेजों ने ब्रिटेन में मशीनों से निर्मित कपड़ों को बेचने के लिए ढाका (बांगलादेश) के मलमल बुनकरों के हस्त उद्योग को हुकूमत के बूते नेस्तनाबूद ही नहीं किया था, उनके अंगूठे भी काट दिए थे। उन्हें भूखों मरने के लिए भगवान भरोसे छोड़ दिया था। आज पूंजीवादी अभियानों और कथित डिजीटल विस्तार के लिए व्यापार से मानवश्रम को लगातार बेदखल किया जा रहा है। जबकि होना यह चाहिए था कि हम अपने देश के समग्र कुशल-अकुशल मानव समुदायों के हित साधन के दृष्टिकोण सामने लाते ? गांधी की सोच वाली आर्थिक प्रक्रिया की स्थापना और विस्तार में न मनुष्य के हितों पर कुठाराघात होता है और न ही प्राकृतिक संपदा के दोहन पर टिकी अर्थव्यवस्था का ? जबकि मौजूदा आर्थिक हितों के सरोकार केवल पूंजीवादियों के हित साधते हैं और इसके विपरीत मानवश्रम से जुड़े हितों को तिरष्कृत करते हैं। मानव समुदायों के बीच असमानता की खाई ऐसे ही उपायों से उत्तरोतर बढ़ती चली जा रही है।

चरखा और खादी परस्पर एक दूसरे के पर्याय हैं। गांधी की शिष्या निर्मला देशपाण्डे ने अपने एक संस्मरण का उद्घाटन करते हुए कहा था, नेहरू ने पहली पंचवर्षीय योजना का स्वरूप तैयार करने से पहले आचार्य विनोबा भावे को मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया था। राजघाट पर योजना आयोग के सदस्यों के साथ हुई बातचीत के दौरान आचार्य ने कहा था, ऐसी योजनाएं बननी चाहिएं, जिनसे हर भारतीय को रोटी और रोजगार मिले। क्योंकि गरीब इंतजार नहीं कर सकता। उसे अविलंब काम और रोटी चाहिए। आप गरीब को काम नहीं दे सकते, लेकिन मेरा चरखा ऐसा कर सकता है। वाकई यदि पहली पंचवर्षीय योजना को अमल में लाने के प्रावधानों में चरखा और खादी को रखा जाता तो मौसम की मार और कर्ज का संकट झेल रहा किसान आत्महत्या करने को विवश नहीं होता ? दरअसल आर्थिक उन्नति का अर्थ हम प्रकृति के दोहन से मालामाल हुए अरबपतियों-खरबपतियों की फोर्ब्स पत्रिका में छप रही सूचियों से निकालने लगे हैं।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली में महमूद खान अचकजई और सीनेट में आजम खान स्वाति विपक्ष के नेता नामित

एजेंसी

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने महमूद खान अचकजई को नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और आजम खान स्वाति को सीनेट में विपक्ष के नेता के रूप में नामित किया है। पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी ने संसद के दोनों सदनों के लिए अपने फैसले को अंतिम रूप दे दिया है। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार इमरान खान का फैसला नेशनल असेंबली में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के तीन प्रमुख पदों विपक्ष के नेता, संसदीय नेता और उप संसदीय नेता के आधिकारिक रूप से रिक्त घोषित होने के बाद आया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने नौ मई के दंगों के मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज सहित पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों को अयोग्य घोषित किया जा चुका है। अयोग्य घोषित सांसदों में नेशनल असेंबली सदस्य जरताज गुल, एमएनए राय हैदर अली, एसआईसी अध्यक्ष हामिद रजा और राय हसन नवाज शामिल हैं। इसके अलावा, सांसद अंसार इकबाल, जुनैद अफजल साही और मोहम्मद मुर्तजा इकबाल को भी अयोग्य घोषित किया जा चुका है। फैसलाबाद स्थित एक आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) ने 9 मई के दंगों के मामलों में उमर अयूब, जरताज गुल, शिबली फराज सहित पीटीआई नेताओं को 10 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद अयोग्यता की अधिसूचना जारी की गई।

## बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट में बीएनपी नेता तारिक व अन्य को बरी करने के मामले में होगी सुनवाई

**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश का उच्चतम न्यायालय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान व अन्य को उच्च न्यायालय से बरी करने के मामले पर कल भी सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय ने आज चौथे दिन भी उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई की। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय अपीलीय खंडपीठ ने गुरुवार को सुनवाई फिर से शुरू करने का निर्णय लिया। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार उच्च न्यायालय ने 21 अगस्त, 2004 के ग्रेनेड हमले के मामलों की सुनवाई 22 नवंबर, 2024 पूरी कर अगले माह पहली दिसंबर को फैसला सुनाते हुए आरोपित बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान, पूर्व राज्य मंत्री लुत्फोज्जमां बाबर और अन्य को बरी कर दिया था। उच्चतम न्यायालय की अपीलीय खंडपीठ में आज सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील एसएम शाहजहां ने कहा कि ग्रेनेड हमले की घटना या साजिश में आरोपितों की संलिप्तता और घटनास्थल पर उनकी मौजूदगी का कोई सबूत नहीं है।

## सिडनी में कार के नदी में गिरने से दो लोग लापता

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रात एक कार के मैकडोनाल्ड नदी में गिर जाने से दो लोग लापता हो गए। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार देर रात लगभग 11:50 बजे सिडनी से 70 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में सेंट एल्बंस शहर के पास मैकडोनाल्ड नदी में एक कार के गिरने की सूचना मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। दुर्घटना के बाद अधिकारी घटनास्थल पर पहुँचे। उन्होंने बताया कि कार के नदी में गिर जाने से उसमें सवार 20 वर्षीय एक व्यक्ति तैरकर नदी के किनारे पहुँच गया था, जबकि वाहन में सवार दो अन्य लोगों का कोई पता नहीं चल पाया। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा और ग्रामीण अग्निशमन सेवा ने लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों ने न्यू साउथ वेल्स में भारी बारिश के कारण लोगों को संभावित बाढ़ के लिए तैयार रहने हेतु व्यापक चेतावनी जारी की। मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि राज्य में गुरुवार को भारी बारिश होने की संभावना है।

## पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने अर्जेंटीना से मांगी थी शरण, अब ब्राजील में झेलेंगे मुकदमा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने अर्जेंटीना से राजनीतिक शरण मांगी थी, ताकि वे ब्राजील में चल रहे मुकदमों से बच सकें। यह खुलासा अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने किया है। फर्नांडीज के अनुसार, बोल्सोनारो ने उन्हें संदेश भेजकर शरण देने का अनुरोध किया था, लेकिन फर्नांडीज ने उनका अनुरोध ठुकरा दिया। बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के चुनाव परिणामों को पलटने की कोशिश की थी। अगर वे दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कई साल की जेल हो सकती है। इस बीच, ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने बोल्सोनारो के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं, और उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। फर्नांडीज के इस खुलासे से बोल्सोनारो की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं।



# टेक्सास विधानसभा ने पुनर्सीमांकन मानचित्र को मंजूरी दी, रिपब्लिकन की राह हुई आसान

एजेंसी

**ऑस्टिन (टेक्सास) संयुक्त राज्य अमेरिका।** टेक्सास विधानसभा ने पुनर्सीमांकन मानचित्र को मंजूरी प्रदान कर दी। इस मंजूरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की बड़ी जीत बताया जा रहा है। सीनेट में गुरुवार को इस पर मतदान होगा। माना जा रहा है सीनेट की मुहर लगने के बाद मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को अमेरिकी सदन (हाउस) की पांच और सीटें जीतने की राह आसान हो जाएगी। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, टेक्सास विधानसभा में आठ घंटे से ज्यादा समय तक चली तनावपूर्ण और भावनात्मक बहस के बाद अंतिम मतदान, 88-52, दलीय आधार पर हुआ। इसके बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। सीनेट में गुरुवार शाम तक पुनर्सीमांकन मानचित्र पर मतदान




होने की उम्मीद है। सीनेट की मंजूरी के बाद इसे सप्ताह के अंत तक गवर्नर ग्रेग एबॉट के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। उधर, कैलिफोर्निया विधानमंडल में गुरुवार को नए कांग्रेसी नक्शे पर मतदान होने की उम्मीद है। इसे रिपब्लिकन के कब्जे वाली पांच सीटों को डेमोक्रेट्स के पक्ष में करने के लिए तैयार किया गया है। ट्रंप और उनके सहयोगी पहले से ही टेक्सास से आगे बढ़कर इंडियाना, मिसौरी और फ्लोरिडा सहित अन्य रिपब्लिकन राज्यों की ओर देख रहे हैं। कैलिफोर्निया के अलावा डेमोक्रेटिक नेता 2026 के मध्यावधि चुनाव से पहले इलिनॉय, मैरीलैंड और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले न्यूयॉर्क पर नजर गड़ाए हुए हैं। कॉर्पस क्रिस्टी से रिपब्लिकन राज्य प्रतिनिधि टॉड हंटर ने हाउस बिल 4 के नाम से जाने जाने वाले मानचित्र विधेयक का परिचय देते हुए कहा, इस योजना का मूल लक्ष्य रिपब्लिकन के राजनीतिक प्रदर्शन में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के अनुसार हम कांग्रेस के जिलों के निर्धारण में राजनीतिक प्रदर्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं। और हमने यही किया है।

## उत्तर कोरिया के नेता की बहन किम ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के शांति प्रस्ताव की आलोचना की

एजेंसी

**प्योंगयांग (उत्तर कोरिया)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रभावशाली बहन किम यो-जोंग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के सुलह प्रस्ताव की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सियोल, प्योंगयांग का राजनयिक समकक्ष नहीं है। किम यो-जोंग उत्तर कोरियाई सत्तारूढ़ पार्टी की केंद्रीय समिति की उप निदेशक हैं। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर में उत्तर कोरिया की कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से कहा गया है कि किम यो-जोंग ने यह टिप्पणी गत दिवस विदेश मंत्रालय के महानिदेशकों के साथ एक बैठक में की। किम ने दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चल रहे सैन्य अभ्यासों की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ली इतिहास की दिशा बदलने के काबिल नहीं हैं। किम यो-जोंग ने कहा, हमारे देश को केंद्र में रखकर चल रहे क्षेत्रीय कूटनीतिक मंच में दक्षिण कोरिया को छोटी सी भी भूमिका नहीं दी जाएगी। कोरिया गणराज्य हमारा राजनयिक समकक्ष नहीं हो सकता। किम की यह टिप्पणी लंबे समय से खराब अंतर-कोरियाई संबंधों को सुधारने के लिए सियोल की की गई पहल के बाद आई है।दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने पिछले हफ्ते अपने मुक्ति दिवस भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया की राजनीतिक व्यवस्था का सम्मान करेंगे और विलय के जरिए एकीकरण की कोशिश नहीं करेंगे। उन्होंने तनाव कम करने के लिए 2018 से निलंबित अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते को बहाल करने के लिए कदम उठाने का भी वादा किया था।

## अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत 12 घंटे तक घिरा रहा आग की लपटों में,दो सदस्य झुलसे

एजेंसी

**ओकिनावा (नाहा)।** ओकिनावा तट पर लंगर डाले खड़े अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस न्यू ऑरलियन्स में 12 घंटे तक आग लगी रही। इससे दो सदस्य झुलस गए। इस जहाज में स्थानीय समयानुसार शाम लगभग चार बजे आग लगी और गुरुवार तड़के बुझा दी गई। अमेरिकी समाचार चैनल की खबर के अनुसार आग बुझाने में मदद करने वाले जापान तटरक्षक बल के एक बयान में कहा गया है कि स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे के बाद आग बुझाने का काम बंद हुआ। अब यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि आग पूरी तरह बुझी या नहीं। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि उसके दो नाविक सदस्य मामूली रूप से झुलस गए। उनका इलाज पोत पर ही किया गया। यह युद्धपोत जापानी द्वीप के पूर्वी तट पर व्हाइट बीच नौसेना सुविधा केंद्र के पास लंगर डाले हुए था। तभी उसमें आग लग गई। नौसेना ने कहा कि न्यू ऑरलियन्स के चालक दल को यूएसएस सैन डिएगो के चालक दल



ने अग्निशमन प्रयासों में सहायता प्रदान की। जापान तटरक्षक बल, जापान समुद्री आत्मरक्षा बल और ओकिनावा स्थित अन्य अमेरिकी नौसेना कमांडों ने आग बुझाने में मदद की। अमेरिकी नौसेना के पूर्व कैप्टन और विश्लेषक कार्ल शूस्टर ने कहा कि युद्धपोतों में आग लगने का हमेशा खतरा बना रहता है, क्योंकि इनमें ज्वलनशील पदार्थों की भरमार होती है। हाल के वर्षों में अमेरिकी नौसेना के जहाज यूएसएस बोनहोम रिचर्ड में सबसे भीषण आग जुलाई, 2020 में लगी थी। वह सैन डिएगो के बंदरगाह पर एफ-35 लड़ाकू विमानों को ले जाने के लिए अपग्रेडेशन के दौर से गुजर रहा था। यह जहाज चार दिन तक आग की लपटों से घिरा रहा था। परिणामस्वरूप नौसेना को अरबों डॉलर के इस युद्धपोत को कबाड़ में डालना पड़ा।

## भारत-चीन के बीच हुए समझौते से परेशान हुआ नेपाल, डिप्लोमैटिक नोट भेजने की तैयारी

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच हुए समझौते के एक बिंदु को लेकर नेपाल परेशान हो उठा है। भारत के जिस भू-भाग को नेपाल अपना होने का दावा करता है, उस भू-भाग को लेकर भारत और चीन ने समझौता कर लिया। इससे नाराज नेपाल ने अपने दोनों पड़ोसी देशों को अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए डिप्लोमैटिक नोट भेजने की तैयारी कर रहा है। भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच हुए समझौते में रहे 9 नंबर की सहमति से नेपाल सरकार नाराज है और इसका विरोध करते हुए दोनों देशों को डिप्लोमैटिक नोट भेजने की तैयारी कर रही है, इसके लिए विदेश मंत्रालय में आपात बैठक बुलाई गई है। इस बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की तरफ से बयान जारी करते हुए भारत-चीन के बीच हुए समझौते का विरोध किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर पौडेल ने कहा कि भारत और चीन के बीच हुए समझौते के 9 नंबर में भारत और चीन के बीच व्यापारिक दृष्टि से जिस लिपुलेक पास का जिक्र




किया गया, वह नेपाल का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि लिपुलेक को लेकर नेपाल अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर चुका है। इस बयान में कहा गया है कि लिपुलेक के आसपास कोई भी निर्माण कार्य नहीं करने के लिए भारत से आग्रह किया जा चुका है। नेपाल ने दावा किया है कि लिपुलेक और लिंपियाधुरा को लेकर उसने चीन को आधिकारिक जानकारी भी साझा की है। नेपाल ने चीन को अपने नए नक्शे को मान्यता देने के लिए कई बार पत्राचार किए जाने की जानकारी दी। एकबार फिर से नेपाल ने चीन से आग्रह किया है कि वह नेपाल के अभिन्न अंग को लेकर किसी तीसरे देश के साथ कोई समझौता न करे। नेपाल भारत के लिपुलेक और लिंपियाधुरा पर अपना दावा करता रहा है। वर्ष 2021 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार ने भारत के लिपुलेक और लिंपियाधुरा पर अपना दावा करते हुए नक्शा जारी कर दिया था। इतना ही नहीं उस समय ओली सरकार ने संसद में इस नक्शे को सरकारी प्रयोजन में लाने के लिए संविधान संशोधन तक किया था। इस बात को लेकर दोनों देशों के बीच कई महीनों तक कूटनीतिक विवाद चलता रहा।

# इजराइल गाजा शहर पर हमले को तैयार, सैनिकों का बाहरी इलाके में जमावड़ा

एजेंसी

**काठमांडू।** तेल अवीव (इजराइल), 21 अगस्त (हि.स.)। इजराइल गाजा शहर पर हमले के लिए तैयार है। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के सैनिक बाहरी इलाके में पहुंच चुके हैं। इजराइली अधिकारियों ने कल कहा कि सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की योजना पर आगे बढ़ रही है। लगभग दो साल के युद्ध के बाद भी शहर और उसके आसपास के इलाके आतंकवादी समूह हमास का गढ़ बने हुए हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इजराइल के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा कि सैनिक शहर के बाहरी इलाके में पहुंच चुके हैं। सैन्य अभियान शुरू होने के बाद विस्थापित होने वाले लोगों के लिए दक्षिणी गाजा में तंबू लगाए जा रहे हैं। योजना में शहर को घेरने, आबादी को आतंकवादियों से मुक्त कराने, हमास लड़ाकों को पकड़ने के लिए सैनिक चौकियों से होते हुए दक्षिण की ओर बलपूर्वक बढ़ेंगे। गाजा शहर में भेजे गए सैनिकों की मदद के लिए लगभग




60,000 आरक्षित सैनिकों को तैयार रखा गया है। इस समय 20,000 सैनिकों को आगे बढ़ने का आदेश दिया गया है। यह तैयारी तब शुरू हुई जब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमत होने पर विचार किया है। इजराइल में बंधकों के परिवार चिंतित हैं। परिवारों का मानना है कि हमास हमले के जवाब में उन्हें मार डालेगा। इस बीच कट्टर दक्षिणपंथी नेताओं ने धमकी दी है कि अगर नेतन्याहू युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं तो वे सरकार छोड़ देंगे। इस बीच आईडीएफ ने एक्स पोस्ट में सैन्य तैयारी की पुष्टि की है। आईडीएफ ने कहा कि सैनिकों ने गाजा के लगभग 75 फीसद से अधिक हिस्से पर परिचालन नियंत्रण कर लिया है। हमास के आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर प्रहार कर उसकी कमान शक्ति को कमजोर कर दिया गया है।आईडीएफ अपने अभियान को विस्तार देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एनबीसी न्यूज चैनल के अनुसार, इजराइल ने गाजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए हजारों रिजर्व सैनिकों को भेजा है। सैनिकों ने शहर के बाहरी इलाके में रह रहे लगभग दस लाख लोगों को दक्षिण की ओर धकेलना शुरू कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा सहित अमेरिका के कुछ सबसे करीबी सहयोगियों ने कहा है कि वे उन 145 से अधिक देशों में शामिल हो सकते हैं जो फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देते हैं।

## दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम की हिरासत अवधि अदालत ने 31 अगस्त तक बढ़ाई

एजेंसी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने आज देश के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल की पत्नी किम कियोन ही की हिरासत अवधि 31 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। विशेष वकीलों की टीम किम से आरोपों के बारे में तीसरी बार गुरुवार को पूछताछ करेगी। देश की पूर्व प्रथम महिला किम को 13 अगस्त को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। उनके पति पहले से ही मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के कारण गिरफ्तार किए जा चुके हैं। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार विशेष वकील मिन जोंग-की ने बताया कि पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही की हिरासत अवधि 10 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मंगलवार को एक अदालत ने किम की हिरासत अवधि 31 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया। उनकी हिरासत अवधि गुरुवार को समाप्त होने वाली थी। उन्हें मार्शल लॉ के बाद मचे बवाल के बाद लंबी संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया के बाद गिरफ्तार किया गया था। अदालत के आदेश के बाद उनकी गिरफ्तारी शेयर बाजार में हेराफेरी की योजना में शामिल होने, 2022 के संसदीय उपचुनाव और 2024 के आम चुनाव में उम्मीदवारों के नामांकन में दखलंदाजी करने और व्यावसायिक लाभ के बदले एक ओझा के माध्यम से यूनिफिकेशन चर्च से आलीशान उपहार प्राप्त करने के आरोपों में की गई है। उन्हें पश्चिमी सियोल के गुरो-गु स्थित सियोल दक्षिणी हिरासत केंद्र में रखा गया है। यहां उनके पति पहले से ही हिरासत में हैं। अदालत के आदेश पर गिरफ्तार होने वाली वह देश की पूर्व प्रथम महिला हैं।

# ट्रंप को निक्की हेली की नसीहत-भारत के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार रणनीतिक गलती होगी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने ट्रंप को नसीहत देते हुए कहा है कि भारत को मूल्यवान और लोकतांत्रिक साझीदार' मानना चाहिए। भारत के साथ रिश्ते को बिगाड़ना एक रणनीतिक आपदा होगी। अगर अमेरिका चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाना चाहता है तो उसे भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता देनी होगी। न्यूजवीक में प्रकाशित अपने लेख में हेली ने लिखा कि अमेरिका को इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि उसका लक्ष्य चीन है और उसका सामना करने के लिए अमेरिका के पास भारत के रूप में एक दोस्त होना चाहिए। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और उसका उदय दुनिया के लिए खतरा नहीं है लेकिन चीन की ताकत बढ़ना दुनिया के लिए चुनौती है क्योंकि वह कम्युनिस्ट शासन के



तहत चलता है। हेली का कहना है कि एशिया में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने वाला भारत इकलौता देश है। हेली ने लिखा कि भारत में चीन की तरह बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता है, जो अमेरिका को चीन के बजाए भारत के जरिए अपनी सप्लाई चेन की डिमांड को पूरा करने में मदद पहुंचा सकती है। भारत के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार रणनीतिक गलती होगी। भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और मध्य पूर्व में उसकी भूमिका उस क्षेत्र में स्थिरता लाने में अहम साबित हो सकती है। वैश्विक नजरिये से भारत के महत्व को रेखांकित करने वाला हेली का आलेख उस समय आया है जब अमेरिका-भारत के बीच व्यापार विवाद चरम पर है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। हेली ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत का उदय चीन की वैश्विक व्यवस्था पर प्रभुत्व की उसकी महत्वाकांक्षा को रोक देगा। जैसे-जैसे भारत मजबूत होगा, चीन की महत्वाकांक्षाएं कमजोर होंगी। अमेरिका और भारत की साझेदारी से दोनों देशों के हित पूरे होंगे और भारत चीन के खिलाफ ज्यादा मजबूती से खड़ा हो सकेगा। लेकिन अमेरिका-भारत के बीच व्यापार विवाद लंबा खिंचा तो चीन इस स्थिति का फायदा उठा सकता है।

# रूस ने यूक्रेनी विध्वंसक समूह के तीन सदस्यों को मार गिराने और तीन को दबोचने का दावा किया

एजेंसी

**मॉस्को (रूस)।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने दावा किया कि उसके एजेंटों ने पश्चिमी ब्रांस्क क्षेत्र में यूक्रेनी विध्वंसक समूह के तीन सदस्यों को मार गिराया। साथ ही तीन को गिरफ्तार कर लिया। एफएसबी का दावा है कि यह सभी रूस के अंदर आतंकवादी हमलों में शामिल थे। एफएसबी की वेबसाइट के मुताबिक, एक सुरक्षा अभियान के दौरान यह सफलता मिली है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों के साझा किए गए एक वीडियो में तीन लोग एक जंगली इलाके में जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं। यह लोग खुद को यूक्रेन के विशेष अभियान बलों से जुड़ी एक इकाई का सदस्य बता रहे हैं। एफएसबी एजेंट तीन शवों के पास खड़े हैं। वहां हथियारों का जखीरा बिखरा हुआ है। रूसी खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि मौके से अमेरिका निर्मित असॉल्ट राइफलें, चेक गणराज्य के विस्फोटक और बड़ी संख्या में नाटो-मानक ग्रेनेड और गोला-बारूद जब्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक ने खुद को समूह का कमांडर और नाम ओलेक्सांद्र झुक बताया। एफएसबी का दावा है कि इस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि समूह को ब्रिटिश, कनाडाई और अन्य यूरोपीय प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षित किया। एफएसबी ने आरोप लगाया कि इस समूह को यूक्रेन के साथ-साथ नाटो देशों लिथुआनिया, एस्टोनिया और नॉर्वे में पश्चिमी खुफिया कर्मियों की मौजूदगी में प्रशिक्षित किया गया। झुक ने यह भी स्वीकार किया कि उन लोगों को यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी एचयूआर ने इस महीने की शुरुआत में ब्रांस्क क्षेत्र में प्रमुख रूसी परिवहन स्थलों पर हमले करने के लिए तैनात किया था। एफएसबी ने दावा किया कि मौके से जब्त किया गया एक रेडियो स्टेशन कीव स्थित एचयूआर मुख्यालय के साथ संचार के लिए था। द मॉस्को टाइम्स अखबार के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि उस व्यक्ति (झुक) ने दबाव में बात की या नहीं, लेकिन उसने जिस औपचारिक भाषा का इस्तेमाल किया, उससे पता चलता है कि उसका कबूलनामा कम से कम पहले से तैयार किया गया होगा। एफएसबी के दावों की तुरंत पुष्टि करना भी संभव नहीं है। झुक ने यह भी कहा कि यूक्रेनी विशेष बल समूह मई में ब्रांस्क क्षेत्र के एक पुल पर हुए विस्फोट और पिछले सितंबर में बेलगोरोड क्षेत्र में एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने की घटना में शामिल था।

## इस्लामाबाद में दर्ज 567 यौन शोषण के मामलों में 93 लड़के और 108 लड़कियां पीड़ित

एजेंसी

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने मंगलवार को खुलासा किया कि जनवरी, 2021 से जून, 2025 के बीच इस्लामाबाद में दर्ज 567 यौन शोषण के मामलों में 201 बच्चों से जुड़े थे। सीनेटर शहादत अवान को लिखित जवाब में मंत्रालय ने बताया कि पीड़ितों में 93 लड़के और 108 लड़कियां थीं।

द इंटरनेशनल न्यूज अखबार की खबर के अनुसार मंत्रालय ने लिखिति जवाब में कहा कि इन मामलों में कुल 222 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। अब तक केवल 12 को ही दोषी ठहराया गया है, जबकि 163 पर अभी भी मुकदमा चल रहा है। 15 को बरी कर दिया गया है और 26 अभी भी फरार हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने सदन को सूचित किया कि जोनल पुलिस अधीक्षक के माध्यम से इस्लामाबाद के सभी पुलिस थानों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, 1 जनवरी 2021 से 20 जून 2025 की अवधि के दौरान दुष्कर्म के कुल 567 मामले दर्ज किए गए और 625 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 567 मामलों में से 485 में चालान पेश किया गया, 80 आरोपितों को दोषी ठहराया गया। 23 को बरी कर दिया गया और 406 मामलों में आरोपित अभी भी सक्षम अदालतों में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से टीटीपी और बीएलए के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया

एजेंसी

**काबुल (अफगानिस्तान)।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने यहां अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत से प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया। इस दौरान पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन ने आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार चीन के विदेश मंत्री वांग यी और पाकिस्तान के विदेश मंत्री त्रिपक्षीय बैठक में भाग लेने के लिए कल काबुल पहुंचे। तालिबान के अफगानिस्तान पर फिर से कब्जा करने के बाद से वांग यी की यह पहली काबुल यात्रा रही। डार और वांग ने त्रिपक्षीय बैठक से इतर अफगान अधिकारियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। चीन के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुल्ला अखुंद से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि तालिबान सरकार बीजिंग की सुरक्षा चिंताओं पर गौर करेगी। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के साथ मुलाकात में पाकिस्तान के विदेश मंत्री डार ने अफगानिस्तान की धरती पर टीटीपी, बीएलए और मजीद ब्रिगेड की मौजूदगी का मुद्दा उठाया। इस्लामाबाद स्थित विदेश कार्यालय



के बयान में कहा गया कि विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकी समूहों के पाकिस्तान के अंदर हाल ही में किए गए आतंकवादी हमलों में वृद्धि पर चिंता जताई और अफगान अधिकारियों से टीटीपी, बीएलए और मजीद के खिलाफ ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। बयान के अनुसार, अफगानिस्तान ने प्रतिबद्धता दोहराई कि उसके क्षेत्र का इस्तेमाल कोई भी आतंकवादी समूह पाकिस्तान या अन्य देशों के खिलाफ नहीं करेगा। विदेश मंत्री ने सुरक्षा समस्या पर चिंता व्यक्त की, लेकिन दोनों मंत्रियों ने अपने देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की सकारात्मक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। बाद में डार अपने चीनी और अफगान समकक्षों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर केंद्रित त्रिपक्षीय बैठक में शामिल हुए। अफगानिस्तान में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान टीटीपी, बीएलए और सहित अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात ने अर्थव्यवस्था को अपनी विदेश नीति का केंद्रीय स्तंभ बनाया है और अफगानिस्तान को केवल सुरक्षा चुनौतियों के चश्मे से देखने वाले देश से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में बदलने के प्रयास जारी हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि अफगानिस्तान के साथ चीन के संबंध समय के साथ और मजबूत होते जा रहे हैं। डार ने आशा व्यक्त की कि तीनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग और गहरा होगा।

## विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड का आईपीओ 26 अगस्त को खुलेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 26 अगस्त को खुलेगा। निवेशक इसमें निवेश के लिए 29 अगस्त तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 92-97 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि उसका इश्यू 26 अगस्त को खुलकर 29 अगस्त, 2025 को बंद होगा। कंपनी ने 1 रुपये अंकित मूल्य वाले अपने इस आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 92-97 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह आईपीओ 721 करोड़ रुपये के नए शेयरों और प्रवर्तकों द्वारा 51 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। निवेशक इसमें न्यूनतम 148 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 148 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त 541 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण और शेष राशि का उपयोग सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेगी। मुंबई स्थित विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड तेजी से बढ़ती भारतीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कंपनियों में से एक है। एनटीपीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड आदि इसके सरकारी क्षेत्र के प्रमुख ग्राहक हैं।

## पीएलआई योजना से दुर्लभ बीमारियों की दवाओं की कीमतें 90फीसदी तक घटीं

**नई दिल्ली।** सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना ने दुर्लभ बीमारियों की दवाओं की कीमतों में भारी कमी लाकर मरीजों को बड़ी राहत दी है। इस योजना के तहत देश में इन दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा मिला है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हुई है और कीमतें 90फीसदी तक नीचे आ गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, पीएलआई योजना के तहत कई भारतीय फार्मा कंपनियों ने दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं का उत्पादन शुरू किया है। इससे न केवल इन दवाओं की उपलब्धता बढ़ी है, बल्कि उनकी कीमतें भी बहुत कम हो गई हैं। यह उन लाखों मरीजों के लिए एक बड़ी राहत है, जिन्हें पहले इन महंगी दवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता था।

## रूस-भारत व्यापार ने तोड़े रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर की रूस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच अंतर-सरकारी आयोग की 26वीं बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में व्यापार, ऊर्जा, कृषि और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इन दिनों रूस यात्रा पर हैं। उन्होंने रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से भेंट की और दोनों नेताओं ने



मिलकर 26वीं भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की।इस बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान-तकनीक और सांस्कृतिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कृषि, ऊर्जा, उद्योग, कौशल विकास, गतिशीलता, शिक्षा और संस्कृति जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जयशंकर ने भारत की ओर से रिश्तों को और मजबूत करने के लिए कई अहम सुझाव भी पेश किए।

## ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में जून में रिकॉर्ड 21.9 लाख की वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में इस साल जून में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों की संख्या में रिकॉर्ड 21.89 लाख की वृद्धि हुई। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि अप्रैल 2018 में ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से यह सदस्यों की संख्या में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इस साल मई की तुलना में अंशधारकों की संख्या 9.14 प्रतिशत और पिछले साल जून की तुलना में 13.46 प्रतिशत बढ़ी है। इस साल जून में ईपीएफओ से 10.62 लाख नये अंशधारक जुड़े जो मई के मुकाबले 12.68 प्रतिशत अधिक है। नये अंशधारकों में 18 से 25 साल की आयु वर्ग में 6.39 लाख हैं। फिर से जुड़ने वाले अंशधारकों को मिलाकर इस आयु वर्ग में जून में सदस्यों की संख्या 9.72 लाख बढ़ी। सभी आयु वर्ग के दुबारा सदस्य बनने वाले अंशधारकों की संख्या 16.93 लाख रही। मंत्रालय ने बताया कि जून में महिला अंशधारकों की संख्या में 4.72 लाख की वृद्धि हुई जो मई के मुकाबले 11.11 प्रतिशत अधिक है। अंशधारकों की संख्या में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 20.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद क्रमशः कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना का स्थान रहा।

# जीएसटी दरों में बदलाव से आम आदमी, किसानों और मध्यम वर्ग को फायदा होगा: सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों में दरों में फेरबदल से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को राहत मिलेगी। इनमें कर दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है। उन्होंने बताया कि नए जीएसटी सुधार आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग, एमएसएमई को अधिक राहत प्रदान करेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में जीएसटी परिषद द्वारा क्षतिपूर्ति उपकर, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा तथा दरों के युक्तिकरण पर राज्यों के मंत्री समूहों (जीओएम) को संबोधित कर रही थीं। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा के मुख्यमंत्री, बिहार के उप-मुख्यमंत्री और तीनों जीओएम में शामिल राज्यों के वित्त मंत्री भी



उपस्थित थे। सीतारमण ने राज्यों के मंत्रियों के समूहों के जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बैठक में इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव भारत के आत्मनिर्भर भारत बनने की यात्रा में जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की शुरुआत करने के दृष्टिकोण से है। वित्त मंत्री की जीएमओ के साथ बैठक में तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित प्रस्तावित सुधारों पर चर्चा हुई। ये सुधार इनपुट टैक्स क्रेडिट संचयन में कमी लाने और घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने के लिए उल्टे शुल्क ढांचों को सही करेंगे। सरल अनुपालन और कम विवादों के लिए वर्गीकरण संबंधी मुद्दों का समाधान करेंगे और उद्योग के विश्वास और दीर्घकालिक योजना को मजबूत करने के लिए जीएसटी नीति में स्थिरता और पूर्वानुमेयता सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कहा गया कि दरों के युक्तिकरण का उद्देश्य आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को अधिक राहत प्रदान करना है। इसके साथ ही एक सरलीकृत, पारदर्शी और विकासोन्मुखी कर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इससे सामर्थ्य में वृद्धि होगी, उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आवश्यक एवं आकांक्षी वस्तुओं को व्यापक जनसंख्या तक अधिक पहुंच प्राप्त होगी। इसके अलावा आगामी जीएसटी सुधार निर्बाध, तकनीक-चालित और समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे, त्रुटियों और विसंगतियों को कम करने के लिए पहले से भरे हुए रिटर्न की शुरुआत करेंगे और तेज, स्वचालित रिफंड को सक्षम करेंगे। इन सभी का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, व्यवसायों का समर्थन करना और जीवन और व्यापार करने में समग्र सुगमता को बढ़ाना है।

## स्टोर आधारित से एकीकृत इकाई लाइसेंसिंग की ओर बढ़ने की जरूरत : रवि गांधी




एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल के अध्यक्ष रवि गांधी ने कहा कि आधुनिक संगठित खुदरा क्षेत्र के तेजी से विकास के साथ इस क्षेत्र में नियामक सुधारों की जरूरत है। यह स्टोर आधारित लाइसेंसिंग से इकाई आधारित एकीकृत लाइसेंसिंग की ओर बढ़ रहा है। वह उद्योग निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आज एक होटल में आयोजित 'मासमेराइज 2025' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। खुदरा, एफएमसीजी और ई-कॉमर्स पर आधारित सम्मेलन का मुख्य विषय मेक इन इंडिया: एफएमसीजी, खुदरा और ई-कॉमर्स के भविष्य को सशक्त बनाना रखा है। उन्होंने कहा कि स्टोर खोलने में तेजी लाने के लिए लाइसेंस-पूर्व निरीक्षण के स्थान पर लाइसेंस पश्चात निरीक्षण की ओर बढ़ने की भी जरूरत है।उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बदलाव से संगठित खुदरा विक्रेताओं के लिए व्यापार करने में आसानी में उल्लेखनीय सुधार होगा। रवि गांधी ने कहा कि आज देश में (खुदरा क्षेत्र से संबंधित) सभी कानून व्यक्तिगत दुकानों के लिए बनाए गए हैं। सभी लाइसेंस व्यक्तिगत स्टोर आधारित हैं।

# ईपीएफओ ने जून महीने में रिकॉर्ड 21.89 लाख सदस्य जोड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून महीने में रिकॉर्ड 21.89 लाख सदस्यों को जोड़े हैं। ये अप्रैल 2018 में पेरोल यानी नियमित वेतन पर रखे गए लोगों की संख्या जारी होने की शुरुआत के बाद सबसे अधिक है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि ईपीएफओ ने जून, 2025 में शुद्ध रूप से 21.89 लाख सदस्यों को जोड़ा है, जो सालाना आधार पर 13.46 फीसदी और मासिक आधार पर 9.14 फीसदी अधिक है। यह आंकड़ा बढ़ते रोजगार के अवसरों और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को रेखांकित करता है। ईपीएफओ ने जून में लगभग 10.62 लाख नए ग्राहकों को नामांकित किया, जो पिछले महीने मई की तुलना में 12.68 फीसदी की वृद्धि और जून, 2024 की तुलना में 3.61 फीसदी की वृद्धि




को दर्शाता है। नए ग्राहकों में यह वृद्धि बढ़ते रोजगार अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रमों के कारण है। आंकड़ों के मुताबिक जून में 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है। ईपीएफओ ने 18-25 आयु वर्ग में इस दौरान 6.39 लाख नए ग्राहक को जोड़े, जो जून 2025 में जुड़े कुल नए ग्राहकों का 60.22 फीसदी है। जून में जुड़े 18-25 आयु वर्ग के नए ग्राहकों की संख्या पिछले महीने मई की तुलना में 14.08 फीसदी अधिक है। जून में लगभग 3.02 लाख नई महिला ग्राहक ईपीएफओ में शामिल हुईं। यह आंकड़ा मई, 2025 के पिछले महीने की तुलना में 14.92 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। यह जून 2024 की तुलना में 1.34 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि भी दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक शीर्ष पांच राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने लगभग 61.51 फीसदी शुद्ध पेरोल वृद्धि दर्ज की, जिससे इस दौरान कुल 13.46 लाख शुद्ध पेरोल जुड़े। इन सभी राज्यों में महाराष्ट्र जून के दौरान 20.03 फीसदी शुद्ध पेरोल जोड़कर सबसे आगे है।

## लगातार दो दिन की तेजी के बाद डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

**नई दिल्ली,।** लगातार दो दिन तक तेजी दिखाने के बाद भारतीय मुद्रा रुपये में आज डॉलर की तुलना में कमजोरी आ गई। माना जा रहा है कि कच्चे तेल की कीमत में उछाल आने, और डॉलर की मांग में तेजी आने के कारण आज रुपये पर दबाव बढ़ गया। मुद्रा बाजार में पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 11 पैसे की कमजोरी के साथ 87.07 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 86.96 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की गिरावट के साथ 87.16 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही रुपया फिसल कर 87.18 के स्तर तक भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में बने सकारात्मक माहौल के कारण रुपये की चाल में तेजी आ गई। मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक



बढ़ने पर रुपये ने निचले स्तर से 20 पैसे की रिकवरी करके 86.98 के स्तर तक पहुंचने में भी सफलता हासिल की। हालांकि ये स्थिति अधिक देर तक टिक नहीं सकी। मुद्रा बाजार में एक बार फिर डॉलर की मांग में तेजी आने पर रुपये की चाल में कमजोरी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 11 पैसे की गिरावट के साथ 87.07 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर की तुलना में कमजोरी दिखाई, लेकिन यूरो की तुलना में रुपया आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। वहीं ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया सपाट स्तर पर कारोबार करता रहा। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में भारतीय मुद्रा 117.67 रुपये से लेकर 117.24 रुपये तक के दायरे में कारोबार करने के बाद बिना किसी बदलाव के कल के स्तर पर यानी 117.55 रुपये (अनंतिम) के स्तर पर ही बंद हुई। दूसरी ओर, यूरो की तुलना में रुपया आज 16 पैसे की उछाल के साथ 101.39 (अनंतिम) के स्तर तक पहुंच गया।

# सर्राफा बाजार की गिरावट पर ब्रेक, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार जारी गिरावट पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। आज सोना 500 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,300 रुपये से लेकर 92,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,16,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मजबूती आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 92,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में दो फीसदी पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में सुस्त पड़कर दो फीसदी रही। पिछले साल इसी अवधि में इन क्षेत्रों का उत्पादन 6.3 फीसदी बढ़ा था। इससे पिछले महीने जून में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दर 2.2 फीसदी रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में से कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई।



हालांकि, इस दौरान इस्पात, सीमेंट, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई चार महीने की अवधि में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा उद्योगों का उत्पादन 1.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 6.3 फीसदी रही थी। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है। इन आठ कोर इंडस्ट्रीज का संयुक्त सूचकांक भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के कुल भार का 40.27 फीसदी होता है।

# सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए रैपिडो पर लगाया 10 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए ऑनलाइन कंपनी रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड(रैपिडो) पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मंत्रालय के मुताबिक इस तरह के विज्ञापन अक्सर झूठे, भ्रामक और उपभोक्ताओं के प्रति अनुचित होते हैं। नियामक ने रैपिडो को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने का भी निर्देश दिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक और कार्रवाई करते हुए रैपिडो को भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना




भरने का आदेश दिया है। सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को बिना किसी देरी के पैसे वापस देने का निर्देश भी दिया है, जिन्होंने कंपनी के पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2023 से मई, 2024 के बीच रैपिडो के खिलाफ 575 शिकायतें और जून, 2024 से जुलाई, 2025 के बीच 1,224 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पिछले दो वर्षों में एनसीएच को रैपिडो के खिलाफ उपभोक्ताओं की शिकायतों की संख्या में वृद्धि हुई है। सीसीपीए ने उपभोक्ताओं से ऐसे विज्ञापनों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि भ्रामक विज्ञापनों या अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो वे निम्न कार्रवाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915) पर कॉल करें और शिकायत दर्ज करने के लिए एनसीएच ऐप या वेबसाइट का उपयोग करें।

## भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ ने एफटीए पर वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) ने मॉस्को में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर आधिकारिक तौर पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक यह हस्ताक्षर मॉस्को में भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू और यूरेशियन आर्थिक आयोग (ईईसी) के व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकाएव के बीच हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच प्रस्तावित एफटीए निर्यात को बढ़ावा देगा। ईएईयू में आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य और रूसी संघ शामिल हैं। भारत-ईएईयू का व?यापार 2024 में 69 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था, जो 2023 की तुलना में 7 फीसदी की वृद्धि है।भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू ने अपनी यात्रा के दौरान ईईसी के व्यापार प्रभारी मंत्री आंद्रेई स्लेपनेव से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित एफटीए निर्यात को बढ़ावा देगा, एमएसएमई को समर्थन देगा और बाजार पहुंच में विविधता लाएगा। प्रस्तावित एफटीए से भारतीय



निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार होने, नए क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों में विविधीकरण का समर्थन करने, गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है।

## वाणिज्यिक कोयला खदानों की 13वें दौर की नीलामी शुरू करेगा कोयला मंत्रालय

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय 21 अगस्त को नई दिल्ली में वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 13वें दौर की शुरुआत करने जा रहा है। इस दौर में कुल 34 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी। इससे पहले कोयला मंत्रालय ने 27 मार्च को 12वें दौर की नीलामी की थी। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वाणिज्यिक कोयला खदानों के 13वें दौर की नीलामी में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि और कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौर में कुल 34 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी, जिनमें 5 सीएमएसपी कोयला खदानें और 29 एमएमडीआर कोयला खदानें शामिल हैं। इनमें से 12 पूरी तरह से अन्वेषित और 22 आंशिक रूप से अन्वेषित हैं। इसके अलावा 12वें दौर के दूसरे प्रयास के तहत कोयला मंत्रालय 3 कोयला खदानों की पेशकश कर रहा है, जिनमें से 2 सीएमएसपी और 1 एमएमडीआर है। कोयला मंत्रालय 2020 से वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक इससे निवेश की संभावना और बढ़ेगी और घरेलू आपूर्ति मजबूत होगी।

# हरित हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनना है भारत का लक्ष्य: श्रीपद येसो नाइक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि भारत का लक्ष्य हरित हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनना है। उन्होंने कहा कि 2030 तक दुनियाभर की मांग का लगभग 10 फीसदी निर्यात करना भी है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद नाइक ने यहां के फिक्की फेडरेशन हाउस, तानसेन मार्ग में आयोजित फिक्की ग्रीन हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम भारत को न केवल एक प्रमुख उत्पादक बनाना चाहते हैं, बल्कि हरित हाइड्रोजन निर्यात का एक वैश्विक केंद्र भी बनाना चाहते हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आयोजित इस सम्?मेलन को संबोधि?त करते हुए श्रीपद नाइक ने बताया कि भारत ने अपने महत्वाकांक्षी हरित हाइड्रोजन उत्पादन लक्ष्यों की दिशा में पर्याप्त प्रगति की है, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत 19 कंपनियों को 862,000 टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता पहले ही प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि भारत का लक्ष्य वैश्विक हरित हाइड्रोजन की लगभग 10 फीसदी मांग को पूरा करना है, जिसके 2030 तक 100 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक होने की उम्मीद है। सरकार ने 15 कंपनियों को 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र निर्माण क्षमता प्रदान की है, जो




इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण औद्योगिक विकास को दर्शाता है। नाइक ने कहा, हम भारत को न केवल एक प्रमुख उत्पादक बनाना चाहते हैं, बल्कि हरित हाइड्रोजन निर्यात का एक वैश्विक केंद्र भी बनाना चाहते हैं। उन्होंने तेज़ी से बढ़ते वैश्विक बाजार में खुद को एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करने की देश की रणनीति का जिक्र किया। उन्?होंने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्धियों को हरित हाइड्रोजन महत्वाकांक्षाओं की नींव बताया। जून 2025 तक कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग 237 गीगावाट तक पहुंच गई, जिसमें 119 गीगावाट सौर ऊर्जा, 52 गीगावाट पवन ऊर्जा और 49 गीगावाट बड़े जलविद्युत ऊर्जा शामिल हैं। नाइक ने कहा कि 8.78 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के साथ, गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोत अब कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 फीसदी से अधिक प्रतिनिधित्व करते हैं।



# तेजस्वी प्रकाश

## के साथ रिलेशनशिप के बीच डेटिंग एप पर दिखे करण कुंद्रा! फैन्स को लगा झटका

करण कुंद्रा अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा सुर्खियां बटोरते रहते हैं. करण और टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपने रिलेशनशिप को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं. लेकिन इसी बीच जब करण को लोगों ने डेटिंग एप पर देखा, तो सभी उनकी प्रोफाइल चेक करने लगे. कई लोगों ने डेटिंग ऐप बम्बल से उनकी प्रोफाइल की फोटो सोशल मीडिया पर भी शेयर की है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है.वायरल स्क्रीनशॉट में करण बेज रंग की टी-शर्ट और जींस पहने हुए कैजुअल कपड़े पहने हुए हैं. उनकी उम्र भी 40 साल दिखाई गई है. इसने तुरंत फैन्स का ध्यान खींचा, क्योंकि एक्टर इस वक्त तेजस्वी के साथ रिश्ते में हैं. दिलचस्प बात यह है कि करण अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर के साथ रिश्ते के दौरान बम्बल के ब्रांड एंबेसडर के रूप में इससे जुड़े थे.



**डेटिंग एप पर दिखे करण कुंद्रा**

हालांकि अब फैन्स अपने अलग-अलग अंदाजे लगा रहे हैं. किसी का मानना है कि उनकी ये प्रोफाइल उनकी कमीटमेंट्स के चलते बनी होगी. वहीं, कुछ लोग इसे करण की हालिया एक्टिविटी बता रहे हैं. लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि ये प्रोफाइल नई है या पुरानी. रेडिट पर स्क्रीनशॉट सामने आने के बाद, कई सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाया कि तेजस्वी के लिए कमिटेड होते हुए भी करण डेटिंग ऐप पर कैसे हो सकते हैं, बाकी लोगों ने दावों को सिरे से खारिज कर दिया, यह सुझाव देते हुए कि छवियों में हेरफेर किया गया था.

**फैन्स ने प्रोफाइल को बताया फेक**

एक रेडिट यूजर ने लिखा कि फोटो साफतौर पर एडिटेड लग रही है, जबकि दूसरे ने दावा किया कि प्रोफ़ाइल फेक लग रही है. अभी तक करण ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है. उनकी और तेजस्वी की पॉपुलैरिटी और बड़े फैन बेस को देखते हुए, कथित डेटिंग ऐप प्रोफ़ाइल सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है, और कई लोग एक्टर के जवाब का इंतज़ार कर रहे हैं.ये बात किसी से छिपी नहीं है कि करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश 2021 से रिलेशनशिप में हैं.

## शादी के 9 साल बाद पति से तलाक ले रहीं एक्ट्रेस हुनर हाली, बिग बॉस फेम वकील लड़ेंगी केस




टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हुनर हाली अपने पति मयंक गांधी से शादी के 9 साल बाद तलाक ले रही हैं. दोनों के तलाक की खबरें लंबे वक्त से चल रही थीं. अब आधिकारिक तौर पर हुनर ने मयंक से तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है. हुनर और मयंक के तलाक का केस सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट की वकील सना रईस खान के हाथ में आ गया है. अदालत में सना, हुनर का केस लड़ेंगी.बताया जा रहा है कि हुनर हाली लंबे वक्त से मयंक गांधी से अलग रह रही हैं और वो अपने नाम से गांधी सरनेम भी हटा चुकी हैं. मयंक भी टीवी एक्टर हैं और वो 'स्प्लिट्सविला 7' के विनर भी रह चुके हैं. दोनों ने साल 2016 में अरेंज मैरिज की थी, हालांकि अब 9 साल बाद ये रिश्ता खत्म होने की कगार पर है.

**हुनर ने कोर्ट में दी तलाक की अर्जी**

हुनर और मयंक चाहे आधिकारिक तौर पर अलग न हुए हों, पर दोनों अब साथ नहीं रह रहे हैं. हाल ही में हुनर ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी है. मयंक और हुनर की गिनती टीवी के पॉपुलर कपल्स में होती रही है, हालांकि ये रिश्ता शादी के 9 सालों के बाद ही खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है.

**सना रईस खान के पास पहुंचीं हुनर**

अदालत में हुनर का केस सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट की वकील सना रईस खान लड़ेंगी. सना एक मशहूर वकील हैं और उन्हें सलमान खान के शो बिग बॉस के 17वें सीजन में भी देखा गया था. सना ने टीवी 9 भारतवर्ष से बात करते हुए कहा, मैं हर केस को एक जैसी इंटेंसिटी और सावधानी के साथ देखती हूं, चाहे वो कोई मुश्किल केस हो या लोगों का ध्यान खींचने वाला कोई निजी मामला हो.

**इन चर्चित मामलों में रही सना की भूमिका**

सना इससे पहले शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के 2021 के हाई-प्रोफाइल ड्रग्स-ऑन-क्रूज केस में आरोपी अवीन साहू को जमानत दिलवा चुकी हैं. इससे आर्यन को जमानत मिलने में भी आसानी हुई थी और उनका पक्ष मजबूत हो गया था. वहीं टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रुपाली गांगुली का एक मानहानि का केस भी उन्होंने लड़ा था. इसके अलावा सना, शीना बोरा केस में इंद्राणी मुखर्जी का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं.

## महाराष्ट्र में खत्म, अब क्रमें भी करियर जाने वाला है... खुद को Bi-Sexual बताते हुए ये क्या बोल गई थीं स्वरा भास्कर



**बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस स्वरा भास्कर हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं. स्वरा हमेशा से ही अपने ओपिनियन को लेकर चर्चा में रहती हैं. स्वरा का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जहां वो अपनी पसंद को लेकर बात करती नजर आ रही हैं. अब उनकी एक बात को लेकर काफी बवाल मच गया है.**

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर हमेशा से ही कंट्रोवर्सी में रहती हैं. वो काफी खुलकर बात करती हैं और अपनी ओपिनियन देने से कभी भी कतराती नहीं हैं. स्वरा के चाहने वाले ये बात जानते हैं कि वो जितनी कमाल की एक्ट्रेस हैं उतनी ही कमाल और बेबाक इंसान भी हैं. इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. ये वीडियो उनके एक पुराने इंटरव्यू का है, जहां वो अपनी सेक्सुअलिटी को लेकर बात करती नजर आ रही हैं.स्वरा का ये वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस क्लिप में वो अपने पति फहाद अहमद के साथ बैठी हैं. इस बीच वो कहती हैं कि असलियत में हर इंसान बाईसेक्सुअल होता है. स्वरा ने अपने फीमेल क्रश को लेकर भी बात की. उन्होंने कहा कि उन्हें यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव पर तगड़ा क्रश था. अब स्वरा की इस बात पर उनको ट्रोल किया जा रहा है.

**हेट्रोसेक्सुअल होना एक आईडियोलॉजी है**

स्वरा का ये पुराना वीडियो लगभग 5 महीने पुराना है. उन्होंने स्क्रीन को दिए गए इंटरव्यू में अपनी शादी और बाकी चीजों पर खुलकर बात की थी. इस इंटरव्यू में स्वरा के साथ उनके पति फहाद अहमद भी नजर आ रहे हैं. स्वरा ने इंटरव्यू में कहा- 'अगर आप हमें हमारे हाल पर छोड़ दें तो असल में हर इंसान बाईसेक्सुअल है, लेकिन हेट्रोसेक्सुअल होना एक आईडियोलॉजी है, जिसको काफी पहले से फॉलो किया जा रहा है, ताकी इंसानी रेस को आगे बढ़ाया जा सके.' इसके बाद वो कहती हैं- 'मैं हाल ही में डिम्पल यादव जी से मिली थी. मैंने हमेशा ही उन्हें अखबारों में या फिर न्यूज चैनल में देखा है. लेकिन उस दिन जब मैंने उन्हें देखा तो देखती ही रह गई.

**ट्रोल हो रही स्वरा भास्कर**

स्वरा ने आगे कहा कि डिम्पल जी को देखकर मेरी नजर उनपर से हट ही नहीं रही थी. वो बेहद खूबसूरत हैं और मैं उन्हें देखती ही रही. स्वरा ने करीना को लेकर भी बड़ी बात कही. उन्होंने कहा कि करीना भी बेहद खूबसूरत हैं. मैं सभी से कहूंगी कि आपको उनसे मिलना चाहिए. स्वरा की इस क्लिप के सामने आने के बाद से लोग अलग-अलग कमेंट्स कर रहे हैं. वो काफी ट्रोल हो रही हैं.

## 'क्या आप इतने बेवकूफ...' जब सलमान खान संग उड़ी

# सोनाक्षी सिन्हा

## की शादी की अफवाह, भड़क गई थीं



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की शादी को एक साल पूरा हो चुका है. उन्होंने साल 2024 में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और एक्टर जहीर इकबाल के साथ शादी की थी. अब दोनों साथ में एक हैप्पी लाइफ एन्जॉय कर रहे हैं. हालांकि जहीर के साथ रिश्ते में आने से पहले सोनाक्षी सिन्हा का नाम और भी कई लोगों के साथ जुड़ा था. जबकि मशहूर अभिनेता सलमान खान के साथ तो उनकी शादी की अफवाह भी उड़ी थी. तब एक्ट्रेस गुस्से से लाल हो गई थीं और इन अफवाहों पर भड़क उठी थीं.




सोनाक्षी सिन्हा को सलमान खान ने ही बॉलीवुड में लॉन्च किया था. सलमान की साल 2010 में आई फिल्म 'दबंग' के जरिए सोनाक्षी ने बॉलीवुड में अपना आगाज किया था. इसके बाद भी उन्होंने सलमान खान के साथ काम किया था. दोनों के बीच समय के साथ एक अच्छा रिश्ता बन गया था. हालांकि लोगों ने दोनों को एक ऐसे रिश्ते में जोड़ दिया था, जिसका सच्चाई से कोई वास्ता नहीं था.

**वायरल हुई थी सोनाक्षी-सलमान की शादी की फेक फोटो**

मार्च 2022 में 'बॉलीवुड टशन' नाम के एक इंस्टाग्राम पेज ने सोनाक्षी सिन्हा और सलमान खान की फेक फोटो को शेयर किया था. इसमें सलमान दूल्हा बने और सोनाक्षी दुल्हन बनी हुई नजर आई थीं. ये फोटो तब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी और इसे कई लोगों ने सच मान लिया था. लेकिन, असल में ये साउथ एक्टर आर्य और सायशा की शादी की फोटो थी. इसे एडिट करके उस पर सलमान खान और सोनाक्षी का चेहरा लगा दिया गया था.

**बुरी तरह भड़की थीं सोनाक्षी सिन्हा**

सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और सलमान की इस फेक फोटो को जमकर वायरल किया गया था. इसके अलावा भी उनकी और फेक फोटोज सामने आई थी. लोग सोनाक्षी और सलमान को शादी की बधाई तक देने लगे थे. इन तस्वीरों पर सोनाक्षी ने भी कड़ी और तीखी प्रतिक्रिया दी थी. उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़कते हुए लिखा था, क्या आप इतने बेवकूफ हैं कि आपको असली और नकली तस्वीर के बीच फर्क नहीं दिखता.

गौरतलब है कि सेलेब्स के साथ इस तरह की घटनाएं होना आम बात है. अक्सर ही सेलेब्स को सोशल मीडिया पर इस तरह के हालात का सामना करना पड़ता है.

## याकुल्ट को उम्मीद, भविष्य में उसके शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में शामिल होगा




**नई दिल्ली:** जापान की याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक इजी अमानो ने कहा कि याकुल्ट भारत की क्षमता पर दांव लगा रही है और उसे उम्मीद है कि देश में बढ़ते मध्यम वर्ग से वह उसके शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में शामिल हो सकता है। कंपनी भारत में दो वैश्विक प्रोबायोटिक अग्रणी कंपनियों याकुल्ट होन्शा (जापान) और ग्रुप डैनोन (फ्रांस) के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम के रूप में काम करती है। बड़े पैमाने पर क्षेत्र में विस्तार करना चाहती है और इसके लिए उसने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू को अपना नया ब्रांड एम्बैसडर बनाया है।

इजी अमानो ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, इस वर्ष और अगले साल भी भारत में वृद्धि दर के दोहरे अंक में रहने की उम्मीद है। भारत में कंपनी की आगे की राह पर उन्होंने कहा कि लक्ष्य 2030 तक हर साल दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करना होगा, जो हितकारी जीवाणु (प्रोबायोटिक) की बढ़ती मांग और भारतीय बाजार में कंपनी के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद याकुल्ट ने तेजी से विकास किया है। खंड में आम और कम चीनी वाले नए स्वादों को शामिल करने से भारत में उपभोक्ता आधार का विस्तार करने में मदद मिली है। याकुल्ट डैनोन इंडिया संयुक्त उद्यम की स्थापना 2005 में हुई थी। हितकारी जीवाणु से लैस दूध पेय याकुल्ट को 2008 में भारत में पेश किया गया था। बाद में विटामिन डी एवं ई युक्त याकुल्ट को कम चीनी के साथ 2018 में याकुल्ट लाइट के रूप में पेश किया गया। भारतीय बाजार की क्षमता के बारे में पूछे जाने पर अमानो ने कहा कि यह देखते हुए कि भारत की आर्थिक वृद्धि किस प्रकार आगे बढ़ी है तथा मध्यम वर्ग का आधार किस प्रकार बढ़ रहा है..यह बहुत व्यापक है। याकुल्ट के शीर्ष चार वैश्विक बाजार जापान, चीन, इंडोनेशिया और मेक्सिको हैं। अमानो कहा कि कंपनी भारत में अपना विस्तार तेजी से कर रही है ताकि बिक्री में वृद्धि हो सके और फिलहाल यह देश भर में लगभग 700 शहरों में उपलब्ध है। हालांकि, उन्होंने भारत के शीर्ष बाजारों में शामिल होने के लिए कोई समयसीमा बताने से इनकार कर दिया। अमानो ने कहा कि अभिनेत्री तापसी पन्नू को ब्रांड एम्बैसडर बनाने से 6.5 अरब से अधिक हितकारी जीवाणु वाले याकुल्ट प्रोबायोटिक ड्रिंक के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद मिलेगी।

## गंगा नहर में कूदे युवक का मिला शव, अवसाद से जूझ रहा था मृतक



**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम सिकिया निवासी एक अवसादग्रस्त युवक ने गुरुवार की शाम गंगा नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह कटका गांव के सामने उसका शव बरामद हुआ। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

सिकिया गांव निवासी सुरेश यादव (27) पुत्र स्व. पनारु यादव गुरुवार की शाम अचानक गंगा नहर में कूद गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीण रोशन भारती ने उसे पकड़ने की काफी कोशिश की, लेकिन सुरेश गहरे पानी में समा गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने नहर बंद कराकर पूरी रात शव की तलाश की, मगर सफलता नहीं मिली।

शुक्रवार सुबह कटका गांव के समीप सुरेश का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि सुरेश पिछले कई महीनों से अवसाद में था। पांच वर्ष पूर्व उसकी शादी जमालपुर माफी गांव में हुई थी, लेकिन कुछ माह पूर्व पत्नी उससे अलग होकर अपनी एक वर्षीय बेटी को लेकर मायके चली गई थी। इससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। सुरेश के पिता का निधन भी चार वर्ष पहले हो चुका था। परिवार में छोटा भाई व एक बहन है, जिनमें से भाई की अभी शादी नहीं हुई है।

घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जरगो बांध में मछली पकड़ने गए युवक की डूबाकर हत्या

**मीरजापुर।** जरगो जलाशय में गुरुवार दोपहर मछली ठेकेदार के कर्मचारियों ने कटिया लगाकर मछली पकड़ रहे दो ग्रामीणों पर हमला बोल दिया। इस दौरान मारपीट के बाद एक युवक को पानी में डूबाकर मार डाला गया, जबकि उसका साथी किसी तरह जान बचाकर भाग निकला।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और ठेकेदार के डेरा पर जमकर तोड़फोड़ की। आक्रोशित भीड़ ने चार पहिया वाहन, बाइक पलटकर तोड़ डाले, छप्पर में आग लगा दी तथा कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

सूचना पर कई थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह स्थिति नियंत्रित की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं भीड़ बांध से लौटने के बाद इमिलिया चट्टी पुलिस चौकी के सामने जाम लगाकर धरना देने बैठ गई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी था।

घटना के बारे में बताया गया कि इमलिया खुर्द निवासी 31 वर्षीय प्रदीप कुमार पटेल पुत्र राम अक्षत गुरुवार दोपहर अपने साथी देवी के साथ जरगो जलाशय फाटक के पास मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान नाव और बाइक से पहुंचे ठेकेदार के चार कर्मचारियों ने दोनों को हाकी-डंडों से पीटा और पानी में डूबो दिया। किसी तरह देवी जान बचाकर भाग निकला जबकि प्रदीप की मौत हो गई।

## भारतीय हस्तशिल्प, हथकरघा के निर्यात को नए मुकाम तक ले जाने की जरूरत: गिरिराज




**नई दिल्ली:** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को हथकरघा और हस्तशिल्प के निर्यात को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि महिला कारीगरों की मासिक आय को न्यूनतम 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सिंह ने यहां कपड़ा मंत्रालय की तरफ से विकसित शिल्प परिसर द कुंज का उद्घाटन करने के बाद कहा कि देश में करीब एक करोड़ लोग हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।

मंत्री ने कहा, शिल्प परिसर कुंज भवन देशभर के शिल्पियों के लिए अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का एक मंच होगा। हमारा लक्ष्य है कि महिला कारीगरों (शिल्प दीदी) की मासिक आय कम से कम 15 से 20 हजार रुपये हो सके। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हथकरघा एवं हस्तशिल्प के निर्यात को और बढ़ावा देना समय की जरूरत है। कुंज भवन की परिकल्पना भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा की विविध धरोहर को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए एक सांस्कृतिक एवं खुदरा गंतव्य के रूप में की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में देश का कुल वस्त्र निर्यात 12.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 11.73 अरब डॉलर की तुलना में 3.87 प्रतिशत अधिक है।

## होटल ग्रैंड निरवाना में हंगामा: नशे में धुत युवकों ने स्टाफ को पीटा व सात गिरफ्तार



**बरेली ।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित होटल ग्रैंड निरवाना में बुधवार रात बार उद्घाटन जश्न बवाल में बदल गया। शराब के नशे में धुत दो पक्षों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे होटल स्टाफ पर भी युवकों ने हमला कर दिया। अचानक हुए हंगामे से होटल में अफरा-तफरी मच गई। कुर्सियां फेंकी गईं, घूंसे चले और हाथापाई में कई कर्मचारी घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बवाल कर रहे युवकों को काबू में किया। इज्जतनगर पुलिस ने मौके से शौर्य प्रताप सिंह, ऋषभ अग्रवाल, रोहित शमी, लक्ष्य देओल, अनमोल अग्रवाल, आदित्य चौरसिया और ध्रुव मौर्य को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर हवालात भेज दिया। इस बीच घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें युवक एक-दूसरे पर टूटते-बरसते नजर आ रहे हैं। इज्जतनगर इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि होटल प्रबंधन की तहरीर के आधार पर भी आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## आईवीआरआई में वेक्टर जनित जूनोटिक रोगों पर जागरूकता कार्यक्रम




**बरेली।** इज्जतनगर स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के पशुजन्य जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 लाभार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें सफाई कर्मी विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों को वेक्टर जनित जूनोटिक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था, क्योंकि यह वर्ग अपने कार्यक्षेत्र की वजह से संक्रमण के ज्यादा खतरे में रहता है। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. बबलू कुमार और वैज्ञानिक डॉ. हिमानी धान्जे ने किया। डॉ. धान्जे ने संवादात्मक सत्र में जूनोटिक रोग, वेक्टर जनित रोग, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध और फूडबोर्न पैथोजेन्स पर जानकारी दी। उन्होंने मच्छर, टिक और पिस्सू से फैलने वाले रोगों तथा बरसात में बढ़ने वाले डेंगू व जापानी इंसेफेलाइटिस से बचाव पर विशेष जोर दिया। डॉ. बबलू कुमार ने मच्छरजनित रोगों के खतरों पर चिंता जताई और समय रहते प्रभावी रोकथाम उपाय अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संवेदनशील समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मच्छरदानियां और जागरूकता संबंधी पर्चे वितरित किए गए। सफाई कर्मियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास उनकी सुरक्षा ही नहीं बल्कि समाज को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## औरैया : वायरल वीडियो के बाद तत्कालीन एसडीएम व मंडी सचिव पर मुकदमा दर्ज

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए वर्तमान एसडीएम अजय आनंद वर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली में दर्ज हुए इस मुकदमे में तत्कालीन उपजिलाधिकारी राकेश कुमार और तत्कालीन मंडी सचिव सुरेश चंद्र को नामजद किया गया है। बीते दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें तत्कालीन एसडीएम राकेश कुमार जेब में लिफाफा रखते हुए दिखाई दे रहे थे। जबकि यह लिफाफा मंडी सचिव सुरेश द्वारा देना दिखाया गया है।

वायरल वीडियो के सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच के बाद वर्तमान एसडीएम ने दोनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया। इस कार्रवाई के बाद जिलेभर में चर्चा का माहौल है।

## ओवररेटिंग व कालाबाजारी में दो उर्वरक एजेंसियों पर एफआईआर, दो दुकानें सील

**मीरजापुर।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव के निरीक्षण में गुरूवार को मे. सिंह उर्वरक एजेंसी सुगापाख पटेहरा और में.आदर्श कृषि सेवा केंद्र ड्रमनगंज हलिया उर्वरक की ओवररेटिंग व कालाबाजारी में दोषी पाए गए। दोनों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पारदर्शिता के लिए कृषि विभाग ने कई दुकानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर किसानों को शासन द्वारा तय दर पर यूरिया वितरण कराया। वहीं उप कृषि निदेशक ने बेलहरा मोड़ स्थित एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप और मौर्या खाद भंडार में अनियमितता मिलने पर देर शाम दोनों को सील कर दिया।

अधिकारियों के अनुसार जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में यूरिया 10069 मीट्रिक टन, डीएपी 3607, एमओपी 180, एनपीके 1671 और एसएसपी 920 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

## अयोध्या : नियमित हुई रामकोट परिक्रमा



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के ट्रस्टी की अगुवाई में गुरुवार से रामकोट परिक्रमा का नियमित रूप में प्रारम्भ किया गया । इस परिक्षेत्र में, श्रीराम जन्मभूमि के साथ ही हनुमानगढ़ी,दशरथ महल, कनक भवन समेत कई प्रमुख देवस्थान आते हैं।

परिक्रमा प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे मुख्य दर्शन मार्ग से प्रारम्भ होगी और टेढ़ी बाजार से घूम कर रामजन्म भूमि के पीछे से गोकुल भवन पार्किंग होते हुए अशर्फी भवन सब्जी मंडी से निकलकर राम पथ पर पहुंचेगी। वहां से हनुमान गढ़ी के सामने से होते हुए वापस मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि परिक्रमा की नियमितता बनी रहेगी। ट्रस्टी के साथ हनुमानगढ़ी से संत रमेश दास महाराज, पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, वरिष्ठ प्रचारक नरेन्द्र , सोमशंकर, राहुल सिंह, नितिन, शिवानंद पुरानिकमठ सहित अनेक श्रद्धालु सहभागी बने।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

### पांच वर्ष पूर्व दिया था घटना को अंजाम



**झांसी।** पांच वर्ष पूर्व दिन दहाड़े नाबालिग का अपहरण कर भगा ले जाने व बलात्कार करने का दोष सिद्ध होने पर दोषी के खिलाफ गुरुवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश एफ टी सी अनुभव द्विवेदी की अदालत ने दस वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला ने थाना शहर कोतवाली में 19 अक्टूबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि इसकी सोलह वर्षीय पुत्री न समझ है, वह आतिया तालाब पर कोचिंग पढ़ने गई थी तभी गुदरी मोहल्ला का रहने वाला मुकुल पटेल उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना कर नाबालिग को बरामद कर आरोपी मुकुल को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग की मेडिकल परीक्षण ओर उसके 164 के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी को जेल भेज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

अभियोजन ने बताया कि आज मुकदमे की सुनवाई के दौरान साक्ष्य ओर बयानों के आधार पर मुकुल पटेल पर आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे दस वर्ष की सजा ओर दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया।

## पिस्टल, कारतूस के साथ गिरफ्तार



**प्रयागराज।** करैली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, उसके कब्जे से एक लाइसेंसी पिस्टल .32 बोर व दो जिन्दा कारतूस .32 बोर व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सैय्यद सादिक सफीक निवासी बी - 1294 जी0टी0बी0 नगर करैली थाना- करैली जनपद प्रयागराज है। इसको कछार की तरफ जाने वाले मार्ग करैली थाना क्षेत्र करैली से

## क्वाल्टी बार कब्जे के मामले में आजम खान की जमानत पर फैसला सुरक्षित

### पत्नी और बेटा भी हैं मामले में आरोपित




**प्रयागराज।** रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर अवैध कब्जे के मामले में जेल में बंद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की जमानत याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर ली है। न्यायमूर्ति समीर जैन ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। आजम खान ने रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उनकी ओर से अधिवक्ता ने पक्ष रखते हुए कहा कि याची को इस मामले में राजनीतिक रंजिश के कारण फंसाया गया है। मुकदमा 2019 में दर्ज हुआ और आजम को 2024 में अभियुक्त बनाया गया। जमानत का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता ने कहा कि आजम का लम्बा आपराधिक इतिहास है। घटना के वक्त वह तत्कालीन सरकार में नगर विकास मंत्री थे। अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर अपराध किया गया है। यह मामला रामपुर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हाईवे पर स्थित सईद नगर हरदोई पट्टी में क्वालिटी बार पर कथित तौर पर अवैध कब्जा करने से जुड़ा है।

## गरीब एवं वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का सभी चिकित्सकों का दायित्व: जिलाधिकारी



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय -निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिनमें राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना शामिल रहे। यह जानकारी गुरूवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दीं। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि गरीब एवं वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी चिकित्सकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा छूटा तो सुरक्षा कवच टूटा की भावना के साथ प्रत्येक बच्चे का आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। नवाबगंज क्षेत्र में बच्चों का चिन्हांकन न होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी छूटे हुए बच्चों की सूची तैयार कर उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डीआईओ के माध्यम से ऐसे चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, जिन्होंने टीकाकरण अभियान के दौरान शून्य डोज दर्ज किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान यूनिसेफ सर्वे का


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397